

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 214

ग्वालियर, रविवार, 24 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## भाजपा और कांग्रेस ने लूटने की कोई कसर नहीं छोड़ीः अरविंद केजरीवाल

**धर्मशाला)**। हिमाचल प्रदेश में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश में पूरी ताकत झोंक रही है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज हिमाचल प्रदेश पहुंचे थे जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने लूटने की कोई कसर नहीं छोड़ी, आज हिमाचल प्रदेश की जो हालत है वो भाजपा और कांग्रेस की वजह से है। अभी दोनों पार्टियां मिलकर मुझे गालियां दे रही है। मैंने हिमाचल प्रदेश को नहीं लूटा है आप लोगों (भाजपा-कांग्रेस) ने लूटा है।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा की नियत खराब है. हमने दिल्ली से भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म कर दिया है। भाजपा और कांग्रेस में जो भी अच्छे लोग हैं वो हमारे साथ आएं । उन्होंने कहा कि मैं हिमाचल प्रदेश के लोगों और यहां के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को दिल्ली आने का न्योता देता हूं. वे आएं और दिल्ली के सरकारी स्कूलों को देखें. दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ी है। अरविंद



केजरीवाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पर कांग्रेस ने 30 साल और BJP ने 17 साल राज किया। आज ये दोनों पार्टियां मुझे गाली दे रही हैं । मैंने थोड़ी लूटा है, हिमाचल को तो इन्हीं दोनों पार्टियों ने लूटा है। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि वे (भाजपा) हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव जल्दी कराने की तैयारी कर रहे हैं। नया हिमाचल प्रदेश बनाने का समय आ गया है। मैं भाजपा और कांग्रेस के सभी अच्छे लोगों से अपनी पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल होने का आग्रह करता हूं। मैं इस राज्य के लोगों से आप को एक मौका देने का अनुरोध करता हूं ।अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर कहते हैं प्रदेश में ईमानदार सरकार नहीं बन सकती. मैंने पूछा- क्यों तो कहते है कि यहां की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियां अलग हैं। केजरीवाल ने कहा कि परिस्थितियां अलग नहीं है, भाजपा की नीयत ही ख़राब है ।आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने लूटने की कोई कसर नहीं छोड़ी ।

## महामारी के कारण इस बार केवल 79,237 भारतीय ही कर सकेंगे हज यात्रा

**नई दिल्ली** । सऊदी अरब सरकार ने दो साल बाद हज यात्रा की अनुमति दे दी है। कोरोना महामारी के कारण साल 2020 में हज यात्रा रोक दी गई थी। इस साल कोरोना नियमों के साथ 79, 237 लोग हज यात्रा पर



जा सकेंगे। इस बार 65 वर्ष से कम उम्र के लोग ही हज यात्रा कर सकेंगे। हज यात्रा के लिए जिनकी उम्र 10 जुलाई 2022 को 65 साल या इससे कम है, वे ही हज पर जाने के लिए ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं। जिन लोगों की डेट ऑफ बर्थ 10 जुलाई 1957 या उसके बाद की है, वही लोग साल हज पर जाने के पात्र हैं। दरअसल सऊदी अरब की सरकार ने भारत को सूचित किया है कि इस साल भारतीय नागरिक हज यात्रा कर सकेंगे। हज यात्रियों को कोरोना जांच कराना जरूरी होगा और सभी यात्रियों के लिए टीकाकरण अनिवार्य है। जानकारी के अनुसार, हज 2022 को लेकर अधिकारियों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कुल 79237 हज यात्रियों में से 56601 हज यात्री भारतीय हज समिति के माध्यम से जाएंगे, जबकि अन्य निजी टूर ऑपरेटर के जरिए जा सकेंगे। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के मुताबिक, हज 2022 के लिए 21 की जगह 10 इम्बार्केशन पॉइंट्स तय किए गए हैं जिनमें अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोच्चि, दिल्ली, गौहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और श्रीनगर शामिल हैं। वहीं दिल्ली इम्बार्केशन पॉइंट्स से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, उत्तराखंड, पश्चिम उत्तर प्रदेश और राजस्थान के हज यात्री हज यात्रा पर जा सकेंगे।

## जहांगीर पुरी के बाद अब पूरी दिल्ली में चलेगा बुलडोजर तीनों नगर निगमों ने बनाया प्लान

**नई दिल्ली**। जहांगीर पुरी हिंसा के बाद इलाके में बुलडोजर चलाने को लेकर विपक्ष के निशाने पर आई बीजेपी अब दिल्ली के हर कोने में बुलडोजर चलाने जा रही है। बीजेपी नेतृत्व वाली एमसीडी की सभी बॉडी ने मिलकर दिल्ली से अतिक्रमण हटाने का फैसला किया है। इस बाबत शुक्रवार को साउथ और ईस्ट दिल्ली के नगर निगम अधिकारियों की बैठक हुई। दक्षिण दिल्ली नगर निगम के मेयर मुकेश सूर्यन ने कहा कि पब्लिक लैंड पर बने अनियमित ढांचो को गिराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बाबत अधिकारी इलाके का सर्वे कर रहे हैं और सोमवार तक लिस्ट बनकर तैयार हो जाएगी। दक्षिण और पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने मिलकर उन जगहों को चिन्हित करना शुरू कर दिया है जो अतिक्रमण के दायरे



में आती है और जिन्हें गिराया जाना है। जहांगीर पुरी हिंसा के बाद इलाके में बुलडोजर चलाने को लेकर विपक्ष के निशाने पर आई बीजेपी अब दिल्ली के हर कोने में बुलडोजर चलाने जा रही है। बीजेपी नेतृत्व वाली एमसीडी की सभी बॉडी ने मिलकर दिल्ली से अतिक्रमण हटाने का फैसला किया है। इस बाबत शुक्रवार को साउथ और ईस्ट दिल्ली के नगर निगम अधिकारियों की बैठक हुई। दक्षिण दिल्ली नगर निगम के मेयर मुकेश सूर्यन ने कहा कि पब्लिक लैंड पर बने अनियमित ढांचो को गिराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बाबत अधिकारी इलाके का सर्वे कर रहे हैं और सोमवार तक लिस्ट बनकर तैयार हो जाएगी। दक्षिण और पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने मिलकर उन जगहों को चिन्हित करना शुरू कर दिया है जो अतिक्रमण के दायरे में आती है और जिन्हें गिराया जाना है। गौरतलब है कि जहांगीर पुरी में अतिक्रमण हटाए जाने की घटना ने राजनीतिक रंग ले लिया था। विपक्षी पार्टियों ने बीजेपी पर खास वर्ग को निशाना बनाने का आरोप लगाया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बुलडोजर की कार्रवाई रुकी थी। उत्तरी दिल्ली नगर निगम के मेयर राजा इकबाल सिंह ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार जहांगीर पुरी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## खास खबर

### पीएम मोदी के मास्टरस्ट्रोक ने कमाई को ध्वस्त कर दियाः राहुल गांधी

**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ट्विटर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी सरकार पर लगातार हमला करते रहते हैं। इसी क्रम में राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा है। राहुल गांधी ने बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने मुद्रास्फीति दर और घटते फिक्स्ड डिपॉजिट या एफडी ब्याज दर को बताते हुए कहा कि पीएम मोदी के मास्टरस्ट्रोक ने आपकी मेहनत की कमाई को ध्वस्त कर दिया है। राहुल गांधी ने किया, मुद्रास्फीति दर 6.95 फीसदी हो गया है, जबकि एफडी ब्जाज दर घटकर 5 फीसदी पर पहुंच गया है। अपने बैंक खातों में 15 लाख जमा करना भूल जाइए, पीएम मोदी के मास्टरस्ट्रोक ने आपकी मेहनत की कमाई को ध्वस्त कर दिया है। राहुल गांधी ने ट्वीट में बताया कि साल 2022 में दो लाख रुपये फिक्स करने पर 11,437 रुपये मिलते हैं, जबकि साल 2012 में इससे कहीं ज्यादा 19,152 रुपये मिलते थे। राहुल गांधी ने इसे जनधन लूट योजना बताया है। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती शोभायात्रा में हिंसा के बाद वहां अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने ट्वीट के जरिए कहा था, ÷ये लोग संवैधानिक मूल्यों को विध्वंस कर रहे हैं। यह गरीबों और अल्पसंख्यकों को सरकार की तरफ प्रायोजित रूप से निशाना बनाया जा रहा है। बीजेपी को इसके बजाय उनके दिलों में नफरत को दूर करना चाहिए।

### हम चाहते कि रूस पर निर्भर नहीं रहे भारत

**नई दिल्ली**। टॉप अमेरिका अधिकारियों ने एक बार फिर कहा है कि हम चाहते हैं कि भारत रूस पर निर्भर नहीं रहे। पेंटागन के प्रेस सचिव जॉन किर्बी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा है कि हम भारत के साथ-साथ अन्य देशों के साथ बहुत स्पष्ट हैं कि हम उन्हें रक्षा जरूरतों के लिए रूस पर निर्भर नहीं देखना चाहते हैं। हम इसके बारे में ईमानदारी से इसका विरोध करते हैं। किर्बी ने आगे कहा कि हम भारत के साथ रक्षा साझेदारी को भी महत्व देते हैं। हम इसे आगे बढ़ाने के तरीके देख रहे हैं। भारत इस क्षेत्र में सुरक्षा का प्रदाता है और हम इसे महत्व देते हैं। बता दें कि यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से कई अमेरिकी अधिकारियों ने इस तरह की टिप्पणी की है। शेरमेन ने कहा है कि भारत चीन को लेकर बहुत चिंतित हैं। भारत इस बात को समझ रहा है कि उनकी सेना जो रूसी हथियारों पर बनी थी अब शायद उन रूसी हथियारों के साथ कोई भविष्य नहीं है। हम भारत के साथ एक बढ़ते, महत्वपूर्ण और परिणामी लोकतंत्र के रूप में उनका समर्थन करने के लिए काम करने जा रहे हैं।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीएम नीतीश कुमार से की मुलाकात

**पटना**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। इस दौरान अमित शाह ने पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की है। सूत्रों के मुताबिक अमित शाह मुख्यमंत्री से बिना मिले ही वापस दिल्ली जाने वाले थे लेकिन अब ताजा जानकारी के मुताबिक अमित शाह और नीतीश कुमार की मुलाकात हुई है। बता दें, अमित शाह भोजपुर जिले के जगदीशपुर में वीर कुंवर सिंह की जयंती के मौके पर एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, कार्यक्रम में शिरकत के बाद अमित शाह सासाराम में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे और सासाराम मेडिकल और मैनेजमेंट के छात्रों और अन्य पाठ्यक्रमों में 700 से ज्यादा छात्रों को डिग्री देंगे। बता दें, अमित शाह भोजपुर जिले के जगदीशपुर में वीर कुंवर सिंह की जयंती के मौके पर एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, कार्यक्रम में शिरकत के बाद अमित शाह सासाराम में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे और सासाराम मेडिकल और मैनेजमेंट के छात्रों और अन्य पाठ्यक्रमों में 700 से ज्यादा छात्रों को डिग्री देंगे।

### मथुरा में शाही ईदगाह में बिना लाउडस्पीकर के पढ़ी गई जुमे की नमाज

**मथुरा**। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर कम आवाज में लाउडस्पीकर बजाने के बाद उससे सटे ईदगाह में जुमे की नमाज बिना माइक के ही पढ़ी गई। बताया जा रहा है कि ईदगाह पर लाउडस्पीकरों को स्वेच्छा से ही बंद कर दिया गया है। नमाजियों का कहना है कि जुमे की नमाज के दौरान लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया गया। वहीं इस मामले में शाही ईदगाह मस्जिद के प्रबंधन कमेटी के सचिव तनवीर अहमद ने कहा कि मस्जिद में तीन लाउडस्पीकर को हटा दिया गया है और कम आवाज में केवल एक लाउडस्पीकर ही चालू है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया गया है कि मस्जिद में लगे लाउडस्पीकर की आवाज मस्जिद परिसर के बाहर न जाए।

## प्रियंका ने कहा हनुमान चालीसा के बाद प्रसाद देने की भी प्रथा है, अब हम देंगे प्रसाद

**मुंबई**। महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा को लेकर शुरू हुई राजनीति अब तेज हो गई है। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने शनिवार सुबह बैरिकेड्स तोड़कर महाराष्ट्र के विधायक रवि राणा और उनकी



पत्नी सांसद नवनीत राणा के खार इलाके में स्थित आवासीय परिसर में घुसने की कोशिश की, जिन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के घर के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की घोषणा की थी। अब शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी ने नवनीत राणा के घर के बाहर पहुंचकर उन्हें चैलेंज कर पलटवार किया है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा का विरोध नहीं है। ढोंगी हनुमान भक्तों से दिक्कत है और उनका विरोध किया जा रहा है। हम तब तक यहां बैठेंगे, जब तक राणा दंपति बाहर नहीं आते। हम उनका स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा के बाद प्रसाद देने की प्रथा है, हम उनको प्रसाद देंगे। वहीं हनुमान चालीसा विवाद पर शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि अगर बाहर से कोई आकर कहेगा कि मातोश्री पर वह हनुमान चालीसा का पाठ करेगा, तो क्या शिवसैनिक शांत बैठेंगे? हमें महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाने की धमकी मत दीजिए, अगर आप हमारे घर में घुसने की कोशिश करेंगे तो हमें भी उसी भाषा में उत्तर देने का अधिकार है। शिवसेना सांसद अनिल देसाई ने राणा पर नाटक करने का आरोप लगाया, क्योंकि उनके पास उठाने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि दंपति ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं।

### पंजाब- सीएम भगवंत मान ईमानदार, पार्टी लाइन से ऊपर उठकर करूंगा समर्थन : सिद्धू


**चंडीगढ़**। पंजाब में काबिज आप सरकार के मुखिया भगवंत मान को कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने ईमानदार बताया है। इतना ही नहीं, उन्होंने कुछ मुद्दों पर अपपना समर्थन भी दिया। सिद्धू ने कहा कि वह पार्टी लाइन से ऊपर उठकर राज्य में माफियाओं से



निपटने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री का समर्थन करेंगे। आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेताओं कुमार विश्वास और अलका लांबा के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर पंजाब सरकार की आलोचना करने के एक दिन बाद सिद्धू ने यह प्रशंसा की है। इससे पहले उन्होंने भगवंत मान पर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की कठपुतली की तरह काम करने का आरोप लगाया था। मीडिया के साथ बातचीत की एक क्लिप जिसे उन्होंने ट्विटर पर पोस्ट किया, सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस को सत्ता में वापस आने के लिए पंजाब में खुद को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य माफिया और ईमानदार लोगों के बीच लड़ाई देख रहा है। इसके बाद सिद्धू मुख्यमंत्री की तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा, मैं उन्हें अपना छोटा भाई मानता हूं। वह एक ईमानदार आदमी हैं। मैंने उन पर कभी उंगली नहीं उठाई। अगर वह इसके (माफिया) के खिलाफ लड़ते हैं, तो मेरा समर्थन उनके साथ है। मैं पार्टी लाइन से ऊपर उठूंगा क्योंकि यह लड़ाई है पंजाब का अस्तित्व की है। मान पर सिद्धू के हमले के एक दिन बाद यह बयान आया।

## काशी में लगेगा कूड़े से कोयला बनाने वाला प्लांट, पीएम करेंगे शिलान्यास

**वाराणसी**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में जल्द ही कचरे से कोयला तैयार करने वाला देश का अनोखा प्लांट लगाया जाएगा। वाराणसी में लगने वाले इस प्लांट से 300 टन कोयले का उत्पादन होगा। वाराणसी नगर निगम के सहयोग से एनटीपीसी वाराणसी में इस प्लांट को चलाएगी। वाराणसी के रमना में इसके लिए जमीन भी आबंटित कर दी गई है। जमीन आबंटन के बाद एनटीपीसी ने इस पर काम भी शुरू कर दिया है। माना जा रहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही इसका शिलान्यास करेंगे। वाराणसी में कचरे से कोयला बनाने वाले इस प्लांट के शुरू होने के बाद कोयले की तो आपूर्ति बढ़ेगी साथ ही शहर से निकलने वाले कचरे का निस्तारण भी हो सकेगा। जानकारी के मुताबिक इस प्लांट के निर्माण में करीब 150 करोड़ रुपए खर्च आएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तहत बनारस में इस प्लांट के निर्माण के बाद मध्यप्रदेश के इंदौर और भोपाल में भी इस तरह का प्लांट लगाया जाएगा। वाराणसी के नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने बताया कि वाराणसी में लगने वाले इस प्लांट का संचालन




एनटीपीसी करेगा और नगर निगम उनको हर रोज कचड़ा उपलब्ध कराएगी। इसको लेकर नगर निगम और एनटीपीसी के अधिकारियों के बीच समझौता भी हो चुका है। नगर आयुक्त ने बताया कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका शिलान्यास करेंगे और इसी साल के दिसम्बर महीने से ये प्लांट काम करना भी शुरू कर देगा। एनटीपीसी के अधिकारियों के मुताबिक, इस प्लांट को चलाने में करीब 600 टन कूड़े की आवश्यकता होगी। जिससे करीब 250 से 300 टन कोयले का उत्पादन होगा।

### राबड़ी के घर इफ्तार पार्टी में पहुंचे सीएम नीतीश कुमार, सियासी हलके में शुरू हुआ अटकलों का दौर

**पटना**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पहुंचकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के दावत-ए-इफ्तार में शामिल होकर सबको चौंका दिया था। इसके बाद राज्य में तरह-तरह की चर्चा होने लगी। इन चर्चाओं के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि इफ्तार पार्टी का राजनीतिक से कोई संबंध नहीं है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि यह परंपरा रही है। हमलोग भी इफ्तार पार्टी में सभी दलों के लोगों को बुलाते हैं। उन्होंने कहा कि इफ्तार का आयोजन किया जाता है तो उसका सम्मान भी करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इफ्तार पार्टी का आयोजन सभी राजनीतिक दलों की तरफ से किया जाता है।

## मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट; मई-जून में पड़ेगी रिकार्डतोड़ गर्मी

### हफ्तेभर में दिल्ली का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पार होगा

**नई दिल्ली**। दिल्ली-एनसीआर में दो दिन राहत मिलने के बाद अब भीषण गर्मी का दौर शुरू होने वाला है। शनिवार सुबह से ही इसका असर देखा जा रहा है। तेज धूप निकली हुई है और इसके साथ ही लू चलने के भी आसार हैं। दोपहर बाद तेज धूप और लू दिल्ली और एनीआर के लोगों को परेशानी करेगी। शनिवार को दिनभर कमोबेश ऐसे ही हालात रहेंगे। शनिवार को दिन के समय 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 40 और 23 डिग्री रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, आसमान अब लगातार साफ ही रहेगा। तापमान में भी हर दिन इजाफा होने के आसार हैं। वहीं, मौसम में बदलाव के बीच एक हफ्ते के भीतर दिल्ली का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पार



हो जाएगा। लू का दौर भी फिर लौटेगा। 28 अप्रैल के लिए तो भारतीय मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। तेज धूप के बीच भीषण गर्मी का सितम जारी रहेगा। शुक्रवार को भी सुबह से ही तेज चमकदार सूरज निकला रहा। दिन चढ़ने के साथ धूप तीखी और तेज हो गई। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 39.3 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 25 से 63 प्रतिशत रहा। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स इलाका सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि मौसम विभाग इस बार अप्रैल से लेकर जून तक भीषण गर्मी का पूर्वानुमान जता चुका है। यह भी बताया गया है कि दिल्ली-एनसीआर में गर्मी के पिछले कई रिकार्ड टूट सकते हैं।

## सीआईएसएफ की बस पर आतंकियों ने पहले गोलियां बरसाई, फिर फेंका ग्रेनेड

### सीसीटीवी फुटेज सामने आया

**जम्मू**। कश्मीर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की बस पर शुक्रवार को हुए आतंकी हमले में के पीछे की पूरी साजिश का खुलासा एक सीसीटीवी फुटेज से हुआ है। सहायक सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) एसपी पाटिल शहीद हो गए। जबकि बस में बैठे दो अन्य लोग घायल हो गए। हमले के बाद सुरक्षाबलों ने बड़े पैमाने पर मोर्चा खोल रखा है। एक के बाद एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया था। सीआईएसएफ की बस को कैसे निशाना बनाया गया इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

2 मिनट और 2 सेकंड के इस वीडियो का एक-एक फ्रेम



आपको हिला कर रख देगा। ये वीडियो चड्ढा कैम्प इलाके का बताया जा रहा है। सड़क पर लाइट्स जल रही है। बिजली के खंभे और कुछ तार दिख रहे हैं। वक्त सुबह के चार बजकर 25 मिनट का है। सड़कों पर सन्नाटा पसरा है। इस वीडियो क्लिप में करीब 30 सेकंड के बाद चौराहे पर एक बाइक दिखती है। फिर बस आने की आवाजें आती है। लेकिन पल भर में ही ज़ोरदार धमाके से पूरा इलाक दहल गया। पहले गोलियों से निशाना साधा गया और फिर ग्रेनेड से हमला किया गया। पलक झपकते ही सन्नाटा धमाकों में बदल गया। आग की चिंगारियां और धुएं का गुबार दिखने लगा। अर्द्धसैन्य बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने बस पर गोलियां चलाई और ग्रेनेड फेंका, जिसमें सहायक सब -इंस्पेक्टर (एएसआई) एसपी पाटिल की मौत हो गई। बस में बैठे दो अन्य लोग घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने भी उचित जवाब दिया। अधिकारियों ने बताया कि सीआईएसएफ बस पर हमले के बाद आतंकवादी इलाके में मोहम्मद अनवार के घर में छिप गए।

## वन-टू-वन

### नो बॉल न मिलने पर ऋषभ पंत का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंचा, शेन वॉटसन ने समझाइश दे किया शांत

**मुंबई।** आईपीएल 2022 स्पर्धा में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अंतिम ओवर के तीसरी गेंद पर नो बॉल न मिलने पर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत का गुस्से सातवें आसमान पर था। वे इतने गुस्से में आ गए कि उन्होंने अपने दोनों बल्लेबाजों को क्रीज छोड़कर वापिस आने के लिए कहा। इस दौरान राजस्थान के बल्लेबाज जोस बटलर ने उन्हें ऐसा करने से रोकने की कोशिश की पर पंत किसी की सुनने को तैयार नहीं थे। फिर इस समय दिल्ली के सहायक की भूमिका निभा रहे शेन वॉटसन को ने ऋषभ पंत को समझाया। तब जाकर मैच दोबारा शुरू हुआ और पूरा किया गया। वॉटसन ने स्थिति को समझते हुए कप्तान पंत को समझाया कि वह अपने बल्लेबाजों को वापिस ना बुलाए। इसके बाद पंत का गुस्सा थोड़ा शांत हुआ। जिसके बाद उन्होंने वॉटसन की बात मानते हुए दोनों खिलाड़ियों को क्रीज पर रहने के लिए कहा। वॉटसन के इस पहल की सोशल मीडिया पर तारीफ हो रही है। इस पर फैंस अपनी प्रतिक्रिया दें रहे हैं। मैच में 223 रन का लक्ष्य का पीछा करने आई दिल्ली की टीम को आखिरी ओवर में 30 रन चाहिए थे। रोवमैन पॉवेल ने पहली तीन गेंदों पर 3 छक्के जड़ दिए। पर तीसरी गेंद पर मैच में बवाल पैदा हो गया जब अंपायर ने गेंद को नो बॉल करार नहीं दिया। जिस कारण दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने दोनों बल्लेबाजों को क्रीज छोड़कर वापिस ड्रेसिंग रूम में आने को कहा। पर समझाने के बाद दोबारा मैच शुरू हुआ।

### अपने अभद्र व्यवहार के लिए ऋषभ पंत दंड़ित, प्रवीण आमरे पर लगा एक मैच का प्रतिबंध

**मुंबई।** आईपीएल 2022 के रोमांच के बीच दिल्ली कैपटिल्स के कप्तान ऋषभ पंत को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान अपने अभद्र व्यवहार के लिए दंडित किया गया है। पंत को आईपीएल के नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। पंत पर मैच फीस का 100 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। यह मुकाबला शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर खेला गया था। पंत ने अपने लेवल 2 के अपराध को स्वीकार कर लिया है। दिल्ली के कप्तान पर आर्टिकल 2.7 का दोषी पाया गया है। दिल्ली कैपिटल्स के ही शार्दुल ठाकुर पर मैच फीसदी का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे पर भी मैच फीस का 100 फीसदी जुर्माना लगा है। साथ ही उन पर एक मैच का बैन भी लगाया गया है। आमरे पर आर्टिकल 2 और 2.2 का उल्लंघन का आरोप था जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। मैच का आखिरी ओवर कर रहे ओबे मैकॉय की तीसरी गेंद को अंपायर ने 'नो-बॉल' नहीं दिया था। जबकि पंत समेत दिल्ली कैपिटल्स के पूरे खेमे को लगता था कि यह नो-बॉल थी। इसके बाद पंत ने सहायक कोच प्रवीण आमरे को मैदान पर भेजा। कोच प्रवीण आमरे इशारे से 'नो-बॉल' चेक करने को कह रहे थे, इससे कुछ देर तक मैच रोकना पड़ा। पंत ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा- मुझे लगता है कि वे पूरे खेल में अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे, लेकिन अंत में पॉवेल ने हमें मौका दिया। मुझे लगा कि नो बॉल हमारे लिए कीमती हो सकती है, लेकिन यह मेरे नियंत्रण में नहीं है। हां, निराश हूं लेकिन इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं कर सकता।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 603.694 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 31.1 करोड़ डॉलर घटकर 603.694 अरब डॉलर हो गया है। इससे पहले आठ अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.471 अरब डॉलर घटकर 604.004 अरब डॉलर था। आरबीआई के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) घटने की वजह से हुई जो कि कुल मुद्राभंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। एफसीए 87.7 करोड़ डॉलर घटकर 536.768 अरब डॉलर रह गया। डॉलर में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा भंडार में रखी जाने वाली विदेशी मुद्रा संपत्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि अथवा मूल्यह्रास के प्रभावों को शामिल किया जाता है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार 62.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 43.145 अरब डॉलर पहुंच गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास जमा विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.694 अरब डॉलर रह गया। आईएमएफ में रखे गए देश का मुद्रा भंडार 1.6 करोड़ डॉलर घटकर 5.086 अरब डॉलर पर आ गया।

### चीनी मिलें नई डिस्टिलरी स्थापित करने का छह महीने में दे सकती हैं प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि उसने चीनी मिलों के लिए नई डिस्टिलरी स्थापित करने या मौजूदा संयंत्रों के विस्तार को लेकर रियायती ब्याज दर पर ऋण लेने के लिए नए प्रस्ताव देने हेतु अक्टूबर तक का समय दिया है। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण कर चुके एवं पर्यावरणीय मंजूरी ले चुके गंभीर प्रस्तावक ही छह महीने के भीतर एथेनॉल क्षमता स्थापित करने के नए प्रस्ताव रख सकते हैं। इस बारे में एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा ?कि छह महीने की यह अवधि 21 अप्रैल से 22 अक्टूबर 2022 तक रहेगी खाद्य मंत्रालय के अनुसार इस निर्णय से चीनी मिलों को नई डिस्टिलरी स्थापित करने या अपनी मौजूदा डिस्टिलरी का विस्तार करने में सुविधा होगी और इस तरह अतिरिक्त गन्ना या चीनी को एथनॉल में बदलने में मदद मिलेगी। नई अनाज-आधारित डिस्टिलरी उत्तर-पूर्वी राज्यों, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार एवं मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में लगेंगी। इससे एथनॉल के विस्तारित उत्पादन में मदद मिलेगी।

# शेन वॉटसन बोले- खिलाड़ियों को अंपायरों का फैसला मानना चाहिए था

**मुंबई।** आईपीएल 2022 में चल रही स्पर्धाओं में कई पल ऐसे होते है जब आवेष और क्रोध चरम पर पहुंच जाता है। दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच शेन वॉटसन ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के आखिरी ओवर में जो कुछ हुआ टीम उसका समर्थन नहीं करती तथा खिलाड़ियों को अंपायरों का फैसला मानना चाहिए था और किसी का मैदान में जाना पूरी तरह 'अस्वीकार्य' है। राजस्थान रॉयल्स की शुक्रवार को दिल्ली पर 15 रन की जीत के दौरान तब यह घटना घटी जब अंतिम ओवर में ओबेद मैकॉय की तीसरी गेंद पर रोवमैन पॉवेल ने छक्का जड़ा। यह फुलटॉस थी जिसे दिल्ली की टीम नोबॉल देने की मांग कर रही थी। ऐसे में नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े कुलदीप यादव ने अंपायर की तरफ इशारा करके आखिरी गेंद का रीप्ले देखने के लिए कहा क्योंकि वह कमर से ऊपर होने पर नोबॉल हो सकती थी। पॉवेल भी अंपायरों से बात करने लग गए लेकिन मैदानी अंपायरों ने कहा कि गेंद वैध थी।

कप्तान ऋषभ पंत ने इसके बाद पॉवेल और कुलदीप से वापस लौटने के लिए कहा।



इस बीच दिल्ली सहायक कोच प्रवीण आमरे मैदान पर चले गए। वॉटसन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'देखिए, उस आखिरी ओवर में जो हुआ वह बहुत निराशाजनक था। दिल्ली कैपिटल्स अंतिम ओवर में जो कुछ हुआ उसका समर्थन नहीं करता है।' उन्होंने कहा, 'अंपायर का फैसला, चाहे वह सही हो या गलत, हमें स्वीकार करना होगा। किसी का मैदान पर चले जाना, यह स्वीकार्य नहीं है। यह कुल मिलाकर अच्छा नहीं हुआ।' दिल्ली कैपिटल्स को अंतिम ओवर में 36 रन चाहिए थे। पॉवेल ने मैकॉय की पहली तीन गेंदों पर छक्के जड़ दिये थे। इस तरह से दिल्ली को अंतिम तीन गेंदों पर 18 रन चाहिए थे, लेकिन 15 मिनट की देरी से उनकी लय गड़बड़ा गयी और अगली तीन गेंदों पर केवल दो रन बने। वॉटसन से पूछा गया कि क्या देरी के कारण लय गड़बड़ाई, उन्होंने कहा, 'जिस तरह से खेल का समापन हुआ उसे देखकर ऐसा लगता है। जब भी खेल में रुकावट आती है तो लय बिगड़ सकती है। इससे ओबेद मैकॉय को अपनी लय हासिल करने का मौका मिला। आखिर में वह रुकावट राजस्थान के लिए अच्छी साबित हुई। यह दुर्भाग्यपूर्ण रुकावट थी।' पंत गुस्से में दिखे। उन्होंने कुलदीप और पॉवेल को वापस बुला लिया, इस बीच वॉटसन उन्हें समझाने की कोशिश करते दिखे। इस पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने कहा कि इस तरह की परिस्थितियों में खेल को जारी रखना चाहिए और अंपायर की बात सुननी चाहिए। वॉटसन ने कहा, 'आखिर में आपको अंपायरों का फैसला सही हो या गलत, उसे स्वीकार करना होगा और खेल के साथ आगे बढ़ना होगा। मैं यही बात कर रहा था। हमें शुरू से सिखाया जाता है कि आपको अंपायरों के फैसले को स्वीकार करना होगा और हमें यही करना चाहिए था।' राजस्थान रॉयल्स टीम के निदेशक कुमार संगकारा ने आखिरी ओवर की इस घटना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### पता नहीं वे खुद को क्या समझते हैं, पॉन्टिंग होते तो शायद ऐसा न होता, पंत के रवैए पर भड़के पीटरसन

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच नो-बॉल पर फैसले को लेकर विवाद खड़ा हो गया। दिल्ली कैपिटल्स को आखिरी ओवर में 36 रन चाहिए थे। यह लगभग असंभव सा लक्ष्य था। दिल्ली की उम्मीदें रोवमैन पॉवेल की बल्लेबाजी ने परवान चढ़ानी शुरू कर दीं। उन्होंने ओवर की पहली तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए। तीसरी गेंद एक हाई फुलटॉस थी लेकिन मैदानी अंपायर्स ने फैसला किया कि यह कमर से नीचे थी। इसके बाद दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने जो किया उसे देखकर क्रिकेट के कई जानकार हैरान हैं। पंत ने अंपायर्स के फैसले से नाराज होकर अपने बल्लेबाजों को मैदान से बाहर आने का इशारा किया था। उन्होंने सहायक कोच प्रवीण आमरे को मैदान पर भेजकर अपनी नाराजगी भी जाहिर की। मैच आखिर राजस्थान रॉयल्स 15 रन से जीत गई लेकिन पंत के इस रवैये की काफी आलोचना हो रही है। ऋषभ पंत के बर्ताव से इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन भी काफी नाराज दिखे। उन्होंने एक सहायक कोच को मैदान पर भेजने के पंत के फैसले की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा इससे उनकी एकाग्रता भंग हुई होगी। खेल को लेकर ऋषभ पंत की सोच पर इससे फर्क पड़ा होगा। मेरे लिए अंपायर के फैसले से ज्यादा परेशान करने वाली बात पंत का व्यवहार रहा। यह घटना दिल्ली के मुख्य कोच रिकी पॉन्टिंग की गैर-मौजूदगी में हुई। पॉन्टिंग के परिवार के एक सदस्य को कोरोना संक्रमण हो गया है और इस वजह से वह आइसोलेशन में हैं। पीटरसन का मानना है कि अगर रिकी पॉन्टिंग होते तो डग-आउट में ऐसा नहीं होता। पीटरसन ने कहा, मुझे नहीं लगता अगर रिकी पॉन्टिंग होते तो ऐसा कुछ होता। मुझे लगता है कि जोस बटलर का ऋषभ पंत के पास जाकर यह कहना तुम यह क्या कर रहे हो, कहना बिलकुल सही था। क्या कोचों को मैदान पर भेजना सही है? पूर्व खिलाड़ी ने प्रवीण आमरे की भी आलोचना की।

# हर किसी ने देखा, थर्ड अंपायर को दखल देना चाहिए था, नो-बॉल विवाद पर बोले ऋषभ पंत

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 सीजन में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) टीम ने अपनी 5वीं जीत दर्ज की और पॉइंट्स टेबल में टॉप पर काबिज हो गई है। शुक्रवार को राजस्थान टीम ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को 15 रनों से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला रोमांचक होने के साथ-साथ काफी विवादित भी रहा। दरअसल, मैच में 223 रन के टारगेट का पीछा करते हुए दिल्ली टीम को आखिरी ओवर में जीत के लिए 36 रनों की दरकार थी।

तभी ओबेड मैकॉय के ओवर की शुरुआती 3 बॉल पर रोवमैन पावेल ने तीन छक्के जमा दिए। यहीं तीसरी बॉल पर डगआउट में बैठे ऋषभ पंत ने विरोध करते हुए इसे कमर से ऊपर वाली नो-बॉल बताया जबकि अंपायर ने ऐसा कोई फैसला नहीं दिया था। गुस्साए पंत ने बल्लेबाजों को वापस बुलाने का इशारा कर दिया था। इस विवाद पर मैच के बाद ऋषभ पंत ने सफाई दी। उन्होंने कहा आखिरी ओवर में काफी कुछ उठापटक





हुई। मुझे लगता है कि राजस्थान टीम ने शानदार गेंदबाजी की। आखिर में पावेल ने हमें जीतने का एक मौका जरूर दिया था। मेरा मानना है कि वह नो-बॉल हमारे लिए अमूल्य हो सकती थी, लेकिन यह सब हमारे कंट्रोल में नहीं है। हां, इससे निराशा जरूर हुई, लेकिन हम इस पर ज्यादा कुछ नहीं कर सकते हैं। पंत ने कहा हर कोई निराश था। सभी को पता था कि यह काफी करीबी मामला था। मैदान पर हर किसी ने यह देखा। मुझे लगता है कि थर्ड अंपायर को इसमें दखल देना चाहिए था और बताना था कि यह नो-बॉल ही है। जो कुछ हुआ वह गलत था (प्रवीण आमरे को मैदान में भेजना), लेकिन हमारे साथ भी जो कुछ हुआ, वह भी गलत ही था। इसी के चलते गरमागर्मी में सबकुछ हुआ।

उन्होंने कहा यह गलती दोनों तरफ से मान सकते हैं। यह निराशाजनक रहा, क्योंकि हमने लीग में कुछ अच्छी अंपायरिंग भी देखी हैं। जब विपक्षी टीम 200 से ज्यादा का स्कोर बनाए और आप करीब आकर हारें, तो निराशा होती है। हम और भी बेहतर गेंदबाजी कर सकते थे। अब हम अगले मैच की तैयारी को लेकर सोच रहे हैं। मैच में राजस्थान रॉयल्स ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट पर 222 रन बनाए। ओपनर जोस बटलर ने 65 बॉल पर 116 रन जड़ दिए। जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 35 बॉल पर 54 और कप्तान संजू सैमसन ने 19 बॉल पर 46 रन बनाए। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम 8 विकेट पर 207 रन ही बना सकी और 15 रनों से मैच गंवा दिया।

# जोस बटलर बन सकते हैं आईपीएल के पहले एक हजारी, खतरे में विराट का छह साल पुराना रिकॉर्ड

**मुंबई।** एशेज के लिए जब इंग्लैंड की टीम चुनी गई तो उसमें जोस बटलर का नाम नहीं था। उस सीरीज में इंग्लैंड का क्या हाल हुआ यह बताने की जरूरत नहीं। ऑस्ट्रेलिया ने 4-1 से सीरीज जीती थी, लेकिन चार महीने बाद बटलर नए अवतार में हैं। बल्ला हल्ला बोल रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग में दनादन रन बरसा रहा है। कोई ऐसा नहीं नजर नहीं आ रहा, जो बटलर के हमले को रोक पाए। बटलर बदल चुके हैं और हालात भी। गुलाबी जर्सी में वह सफेद गेंद पर ऐसा प्रहार कर रहे हैं कि विपक्षी कप्तानों के चेहरे की हवाइयां उड़ने लगी हैं। शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने शानदार शतक लगाया। इस सीजन में तीसरा। सात मुकाबलों में बटलर 491 रन बना चुके हैं। उनका बल्लेबाजी औसत 81.83 का है। और अब ऐसा लग रहा है कि विराट कोहली का छह साल पुराना रिकॉर्ड खतरे में है। कोहली ने उस साल 973 रन बनाए थे। तब से बल्लेबाजों के लिए इसे लांघना तो दूर इसके करीब तक पहुंच पाना सपना लग रहा है। कोई भी खिलाड़ी इसके आसपास नहीं पहुंचा है। लेकिन इस बार बटलर से उम्मीदें वाबस्ता हैं। बटलर के पास अभी कम से कम सात मैच और हैं और जिस लय और फॉर्म में वह बल्लेबाजी कर रहे हैं, उसे देखकर कह सकते हैं कि कोहली का रिकॉर्ड खतरे में है।

राजस्थान रॉयल्स की टीम कुछ और मैच और जीत जाती है तो वह प्लेऑफ में भी पहुंच सकती हैं और फिर बटलर के पास एक-दो मौके और हो सकते हैं। बटलर को 482 रन और चाहिए कोहली का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए। और बटलर एक सेंचुरी और लगा देते हैं तो एक सीजन में चार शतक लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। राजस्थान की टीम तो यही चाहेगी कि बटलर यूं ही रन बरसाते रहें। बटलर का फॉर्म टीम को जबर्दस्त शुरुआत दे रहा है। राजस्थान एकमात्र ऐसी टीम है जिसने अभी तक के सभी मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए जीते हैं। ऐसे में जहां ज्यादातर टीमें रनों का पीछा करना चाहती हैं रॉयल्स दूसरी ही तरह से काम कर रही है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार को 17वें दिन भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। बढती महंगाई के बीच पेट्रोल-डीजल के दामों में स्थिरता आम जनता के बीच राहत की बात है।



इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपए और डीजल की कीमत 100.94 रुपए पर बरकरार है। कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 115.12 रुपए प्रति लीटर और 99.83 रुपए प्रति लीटर है। यूक्रेन में चल रहे रूस के सैन्य अभियान के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 106.65 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.75 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढनी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने पिछले 30 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपए प्रति लीटर की तेजी आई है। उल्लेखनीय है कि शनिवार लगातार 17वां दिन है, जब कीमतें अपरिवर्तित रही हैं। इससे पहले एक अप्रैल को कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

# हीरो इलेक्ट्रिक और बोल्ट लगाएंगे 50000 चार्जिंग स्टेशन

### दोनों कंपनियों ने मिलाया हाथ, की साझेदारी

**नई दिल्ली।** अगले एक साल में भारत में हीरो इलेक्ट्रिक कंपनी ने 50,000 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए ईवी चार्जिंग नेटवर्क बोल्ट के साथ साझेदारी की है। बोल्ट चार्जर पूरे भारत में 750 से अधिक हीरो इलेक्ट्रिक के टच पॉइंट्स में स्थापित किए जाएंगे, जिससे 4.5 लाख से अधिक ग्राहकों को फायदा मिलेगा। इसके अलावा, लगभग 2,000 हीरो इलेक्ट्रिक राइडर्स अपने घरों में स्थापित बोल्ट चार्जिंग यूनिट्स का मुफ्त फायदा उठा सकेंगे। साझेदारी हीरो इलेक्ट्रिक और बोल्ट दोनों को देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए एक मजबूत, किफायती और सुलभ ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने के अपने साझा लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी। बोल्ट चार्जिंग नेटवर्क का हीरो इलेक्ट्रिक के एंटरप्राइज पार्टनर्स और ईवी ग्राहकों दोनों द्वारा लाभ उठाया जाएगा, जिससे रेंज की चिंता काफी हद तक कम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, बोल्ट को हीरो इलेक्ट्रिक ऐप और वेबसाइट में इंटीग्रेट किया जाएगा, जो चार्जिंग स्टेशन का पता लगाने, स्लॉट की बुकिंग और भुगतान के लिए वन-स्टॉप समाधान पेश करेगा। हीरो इलेक्ट्रिक और बोल्ट भी अपने वाहनों के लिए आईओटी ट्रैकिंग सॉल्यूशन के लिए एक पायलट काम कर रहे हैं। पायलट सभी हीरो इलेक्ट्रिक बी2बी पार्टनर्स को फ्लीट मैनेजमेंट और चार्जिंग मैनेजमेंट सॉल्यूशंस भी मुहैया कराएगा।



बोल्ट, हीरो इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ बोल्ट ओएस सक्षम स्मार्ट स्पीडोमीटर समाधान को भी एकीकृत करेगा, जिससे बोल्ट चार्जिंग नेटवर्क के साथ एक स्मार्ट, सुरक्षित और कनेक्टेड इकोसिस्टम सक्षम होगा।बोल्ट चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के बाद, व्यक्ति अपने चार्जिंग स्टेशनों के लिए संचालन के निजी/सार्वजनिक मोड के बीच चयन कर सकते हैं और मौजूदा वाणिज्यिक/ईवी टैरिफ के आधार पर कीमत तय कर सकते हैं। इसके अलावा, हीरो इलेक्ट्रिक राइडर के इस्तेमाल को आसान बनाने के लिए सदस्यता-आधारित योजनाओं की घोषणा की जाएगी।

# वनप्लस 10आर, नोर्ड 2 सीई लाइट 5जी फोन होगा लॉन्च

### मात्र 15 मिनट में हो जाएगा स्मार्टफोन फुल चार्ज

**नई दिल्ली।** जानी-मानी कंपनी वनप्लस एक लॉन्च इवेंट के दौरान वनप्लस 10आरऔर वनप्लस नोर्ड 2 सीई लाइट 5जी स्मार्टफोन को लॉन्च करने वाली है। इन डिवाइसेज की लॉन्चिंग एक वर्चुअल इवेंट में की जाएगी। कंपनी इसी महीने 28 अप्रैल में ग्राहकों को बढ़ा तोहफा देने जा रही है। आपको बता दें कि 10आर एक प्रीमियम स्मार्टफोन है। ऐसी जानकारी मिली है कि नोर्ड 2 सीई लाइट 5जी स्मार्टफोन को 20,000 रुपये से कम कीमत में लॉन्च किया जा सकता है। आपको बता दें कि इन स्मार्टफोन्स के आधिकारिक लॉन्च से पहले ही इनकी कुछ जरूरी डीटेल्स लीक हो गई हैं।

वनप्लस 10आर वन प्लस एसीई का रीबैज्ड वर्जन है, जो 21 अप्रैल को चीन में डेब्यू करेगा। कंपनी ने इस अपकमिंग स्मार्टफोन्स से जुड़ी कुछ डीटेल्स को साझा किया है। बता दें कि वनप्लस 10आरफास्ट चार्जिंग तकनीक से लैस होगा जिसकी बदौलत यूजर्स कम समय में ही इसे पूरी तरह से चार्ज कर पाएंगे। प्रीमियम वनप्लस स्मार्टफोन





150डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगा। यह तकनीक कंपनी के मौजूदा फ्लैगशिप वनप्लस 10 प्रो पर मिलने वाली चार्जिंग तकनीक से भी तेज है। 150डब्ल् यू सुपरवूक चार्जिंग तकनीक के साथ, वनप्लस डिवाइस की 4500 एमएएच बैटरी को लगभग पांच मिनट में शून्य से 50 प्रतिशत तक चार्ज करने का दावा करता है। ऐसा माना जा रहा है कि ये डिवाइस 15 मिनट में पूरी तरह चार्ज किया जा सकेगा। वनप्लस भारत में वनप्लस 10आर का 80डब्ल्यू सुपर वीओओसी चार्जिंग वैरिएंट भी लॉन्च करेगी। इस वेरिएंट में 5000 एमएएच की बड़ी बैटरी पैक होने की उम्मीद है। वनप्लस 10 प्रो पर भी यही संयोजन देखा जा सकता है, जिसकी शुरुआती कीमत 66,999 रुपये है।

चार्जिंग तकनीक के अलावा, वनप्लस के इस स्मार्टफोन में मीडियाटेक डाइमेंशन 8100 एसओसी प्रोसेसर दिया जाएगा। डिवाइस के 256जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ 12जीबी तक रैम के साथ लॉन्च होने की उम्मीद है। डिवाइस में 6.7 इंच का अमोलेड डिस्प्ले भी होगा जिसमें फुल एचडी + रिज़ॉल्यूशन और 120एचझेड रिफ्रेश रेट के लिए सपोर्ट होगा। रियर में 50एमपी सोनी आईएमएक्स766 मुख्य कैमरा सेंसर के साथ ट्रिपल-कैमरा सेटअप होगा।ये स्मार्टफोन 33डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग और 5000 एमएएच की बैटरी के साथ आएगा। इसके रियर में 64एमपी ट्रिपल-कैमरा सेटअप भी होगा। कहा जाता है कि मुख्य कैमरा 2एमपी मैक्रो कैमरा और 2एमपी मोनोक्रोम कैमरा के साथ है। फोन एंड्रॉइड 11-आधारित ऑक्सीजन ओएस 11 पर चलने की उम्मीद है। प्राइमरी कैमरा ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन को सपोर्ट करेगा। 8 एमपी का अल्ट्रावाइड कैमरा और 2एमपी का मैक्रो सेंसर कैमरा सेटअप को पूरा करेगा। नॉर्ड सीई 2 लाइट 6.58 इंच के फुल एचडी+ डिस्प्ले के साथ आएगा। अफवाह है कि इसमें 90एचझेड रिफ्रेश रेट सपोर्ट होगा।

## अडाणी ने मरीन सेवा प्रदाता कंपनी ओसियन स्पार्कल की 100 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी

**मुंबई।** अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने थर्ड-पार्टी मरीन सर्विसेज उपलब्ध कराने वाली लीडिंग भारतीय कंपनी ओसियन स्पार्कल में 100 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर लिया है। एपीएसईजेड ने अपनी सब्सिडियरी अडानी हार्बर सर्विसेज के जरिए 1,530 करोड़ रुपए में यह अधिग्रहण किया है। कंपनी ने मरीन सर्विस सेग्मेंट में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की रणनीति के हिसाब से यह डील की है। यह ट्रांजैक्शन एक महीने में पूरा होने की संभावना है। एपीएसईजेड ओएसएल की 75 फीसदी हिस्सेदारी के लिए 1,135।30 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी। इसके साथ ही एपीएसईजेड ओएसएल की 24।31 फीसदी हिस्सेदारी के परोक्ष अधिग्रहण के लिए 394।87 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी। यह ट्रांजैक्शन पूरा होने के साथ ही ओसीन स्पार्कल अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी हार्बर सर्विसेज की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी बन जाएगी। एपीएसईजेड के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक करण अडानी ने कहा ओएसएल और अडानी हार्बर सर्विसेज के तालमेल को देखते हुए कहा जा सकता है कि मार्जिन में सुधार के साथ अगले पांच साल में कॉन्सॉलिडेटेड बिजनेस डबल हो सकता है।



# महिलाओं को बोलने और कपड़े पहनने के तरीके पर जज किया जाता है : अनुप्रिया



अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका सभी से महिलाओं की इज्जत करने की उम्मीद करती हैं। उन्होंने कहा, यह काफी विडंबनापूर्ण है। हम में से कई लोग अभी भी अपने मूल अधिकारों से वंचित हैं और समान अवसर अभी भी एक मिथक है। उन्होंने कहा, मुझे यह परेशान करता है कि महिलाओं को इस बात के आधार पर आंका जाता है कि वे कैसे कपड़े पहनती हैं और किस तरह बोलती हैं। यदि हम समाज की नैतिकता का पालन नहीं करते हैं, तो हमें अलग-अलग मनगढ़ंत नामों से बुलाया जाता है। अभिनेत्री जल्द ही आश्रम 2 में दिखाई देगी और वह कहती है कि अपने काम से वह हमेशा उन मुद्दों को उजागर करने का कोशिश करेगी जो महिलाओं की सुरक्षा और विकास के संबंधित हैं। मैं उन मुद्दों को सामने लाना चाहती हूं जो आज भी महिलाओं को प्रभावित कर रहे हैं। आपराधिक न्याय : बंद दरवाजे के पीछे में मैंने एक वकील की भूमिका निभाई और घरेलू दुर्व्यवहार और हिंसा के मामले उठाए। कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन में ऐसे मामलों में देखे गए। घरेलू दुरुपयोग अभी भी बहुत ही बड़ा मुद्दा है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता, क्योंकि यह बंद दरवाजों के पीछे होता है। अनुप्रिया पहले से ही सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता पैदा करती आ रही हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपने सोशल मीडिया पर जागरूकता पैदा करना शुरू कर दिया है।

## प्रभास की फिल्म में नजर आ सकते हैं विक्की कौशल

साउथ फिल्मों के मशहूर अभिनेता प्रभास इन दिनों अपनी अगली फिल्म आदिपुरुष को लेकर सुर्खियों में बने हुए है। प्रभास ने अपनी इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। कुछ समय पहले ही फिल्म आदिपुरुष की शूटिंग प्रभास ने डायरेक्टर ओम राउत के साथ शुरू की है।



फिल्म आदिपुरुष में प्रभास भगवान राम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। वहीं अभिनेता सैफ अली खान लंकेश के रोल में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म को लेकर पिछले काफी समय से कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं। फिल्म आदिपुरुष की कहानी रामायण पर आधारित होगी। यही कारण है कि फिल्म में बाकी किरदारों का चयन भी इसी प्रकार किया जा रहा है। फिल्म राम और लंकेश का रोल फाइनल कर लिया गया है। अब फिल्म में लक्ष्मण के किरदार के लिए किस अभिनेता को साइन किया जाएगा इस पर अभी संदेह बना हुआ है। लेकिन इस वक्त की आठ ताजा खबरों के अनुार ऐसा कहा जा रहा है कि आदिपुरूष में लक्ष्मण के किरदार के लिए बॉलीवुड के अभिनेता विक्की कौशल को चुना गया है। विक्की कौशल बॉलीवुड के उभरते हुए कलाकारों में से एक हैं। जिनके कंधों पर आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्में है। यही कारण है कि अब मेकर्स आदिपुरुष में विक्की कौशल को लक्ष्मण के किरदार के लिए साइन किया है। यह फिल्म रामायण पर आधारित होगी जिसमें जबरदस्त वीएफएक्स वर्क भी देखने को मिलेगा। विक्की कौशल कई बार कह चुके हैं कि वो अभिनेता प्रभास के फैन हैं। वो बाहुबली की सीरीज को भी काफी ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसे में अगली फिल्म में नजर आ सकते हैं। आदिपुरुष के मेकर्स की तरफ से इस को लेकर कोई भी ऐलान नहीं किया गया है।

## नए पोस्टर के साथ चेहरे के ट्रेलर का ऐलान, फिल्म की रिलीज डेट में भी हुआ बदलाव

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और अभिनेता इमरान हाशमी की मोस्ट अवेटेड फिल्म चेहरे का नया पोस्टर नए रिलीज डेट के साथ सोमवार को जारी किया गया हैं। इसके साथ ही फिल्म के ट्रेलर की भी घोषणा की हैं। मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर 18 मार्च को जारी करने की घोषणा की हैं। इसकी जानकारी फिल्म के प्रोड्यूसर आनंद पंडित ने सोशल मीडिया पर दी। आनंद पंडित ने ट्विटर पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा-अदालतों में जस्टिस नहीं जजमेंट होता हैं , इन्साफ नहीं फैसला होता हैं।#चेहरे ट्रेलर आ रहा है 18 मार्च को ! देखिये चेहरे सिनेमाघरों में 9 अप्रैल को ! फिल्म के इस नए पोस्टर में अमिताभ बच्चन कोट पहने हुए हैं और सिर पर ऊनी कैप और चश्मा लगाए हुए हैं। उनकी लम्बी दाढ़ी में गांठ लगी हुई है।अमिताभ का यह लुक काफी सस्पेंस भरा हैं। फिल्म चेहरे एक मिस्ट्री -थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में अमिताभ रिटायर्ड वकील वीर सहाय की भूमिका में हैं।

# अगली फिल्म में दमदार रोल में नजर आएंगे थलापति विजय, मास्टर अभिनेता कर रहे खास तैयारी



साउथ फिल्मों के मशहूर सुपरस्टार अभिनेता थलापति विजय आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। उनकी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म मास्टर ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की है। फिल्म मास्टर में थलापति विजय के अलावा विजय सेतुपति भी अहम रोल में नजर आए थे। इन दोनों कलाकारों के अभिनय से दर्शक भी काफी ज्यादा प्रभावित हुए हैं। फिल्म की कहानी को दर्शकों द्वारा पसंद किया गया था। फिल्म ने कई दिनों तक बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई करके कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए हैं। अब थलापति विजय के चाहने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। वो ये है कि थलापति विजय की अगली फिल्म थलापति 65 है। जिसकी तैयारी मेकर्स ने शुरू कर दी है। अभिनेता विजय का फिल्म थलापति 65 दमदार किरदार दिखाई देने वाला है। थलापति विजय फिल्म की शूटिंग मई के महीने से शुरू करने वाले हैं। अब फिल्म में थलापति विजय के किरदार के बारे में नई जानकारी सामने आई है। अभिनेता इस फिल्म में एक एजेंट के रोल में नजर आएंगे। सूत्रों के हवाले से आई खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि, फिल्म में थलापति विजय का एकदम नया अवतार देखने को मिलेगा। थलापति विजय फिल्म में एक ऐसे एजेंट का रोल निभाने वाले है जो धोखाधड़ी करने में एक्सपर्ट होता है। फिल्म थलापति 65 में थ्रिलर और एक्शन का तगड़ा लड़का भी देखने को मिलेगा। अभिनेता इन दिनों अपनी इस फिल्म की तैयारी कर रहे है। थलापति विजय के चाहने वालों को उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में मुख्य किरदार के लिए अभिनेत्री पूजा हेगड़े का नाम फाइनल कर लिया गया।

# लोग मुझे कहते थे कि मैं एक लड़के की तरह दिखती हूं : अनन्या पांडे

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे कई बार अपने फिगर और एक्टिंग की वजह से ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी है। लेकिन पहली बार एक्ट्रेस ने उन्हें ट्रोल करने वालों को लेकर अपना रिएक्शन दिया है। अनन्या पांडे ने कहा, मुझे सही समय याद नहीं है लेकिन मेरे माता-पिता के साथ मेरी तस्वीरें हुआ करती थीं। उस समय, मैं एक कलाकार नहीं थी। मैं अपने माता-पिता के साथ बाहर जाती थी। जैसा कि मैंने कहा, मैं बहुत पतली थी। लोग कहते थे कि मैं एक लड़के की तरह दिखती हूं, फ्लैट्सस्क्रीन जैसी बातें करते थे।

अनन्या पांडे ने आगे कहा, उस समय यह सब बातें मुझे काफी दुख पहुंचाती थीं। जब



आप अपना आत्मविश्वास बना रहे होते हैं, खुद से प्यार करना सीख रहे होते हैं फिर ऐसे में जब आपको लगता है कि कोई आपको नीचे खींच रहा है, तो आप खुद पर संदेह करना शुरू कर देते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब मैं धीरे-धीरे ऐसे मुकाम पर पहुंच रही हूं, जहां मैं सिर्फ खुद को स्वीकार करने पर ध्यान दे रही हूं। अनन्या पांडे के इस बयान की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। बता दें कि अनन्या पांडे ने साल 2019 में करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि अनन्या पांडे की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई।

## केजीएफ 2 निर्देशक के साथ मिलकर अल्लू अर्जु करने वाले हैं बड़ा धमाका

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर और स्टाइलिश अभिनेता अल्लू अर्जुन अपनी फिल्मों और स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। वो इस वक्त सबसे चर्चित अभिनेताओं की लिस्ट में आते है। अल्लू अर्जुन की फिल्मों को लोग काफी ज्यादा पसंद करते है। अल्लू अर्जुन की पिछली रिलीज फिल्म अल वैकुंठपुरमलो है। अभिनेता की इस फिल्म ने बॉक्स आफिस पर धमाकेदार कमाई की थी। अभिनेता अल वैकुंठपुरमलो की फिल्म को सिर्फ साउथ भारत में नहीं बल्कि नार्थ इंडिया में भी अच्छी खासी कमाई की थी। अल वैकुंठपुरमलो की सफलता के बाद उनकी चर्चा चारों तरफ होने लगी है। अब अभिनेता अल्लू अर्जुन आने वाले दिनों में फिल्म पुष्पा में नजर आने वाले है। जिसका पोस्टर कुछ समय पहले ही रिलीज किया गया था। इस फिल्म के पोस्टर का देखकर फैंस उनकी इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा पैन इंडिया की फिल्म है। जिसको मेकर्स ने हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज करने की उनकी प्लानिंग है। अब अल्लू अर्जुन को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। इस खबर को सुनने के बाद अल्लू अर्जुन के चाहने वालों की खुशी का ठिकाना ही नहीं होगा।



# इंसानों से ज्यादा जानवरों संग सहज हूं : अदा शर्मा



अभिनेत्री अदा शर्मा का कहना है कि इंसानों से ज्यादा उन्हें जानवरों से घिरे रहना पसंद है। अदा आगे कहती हैं कि ये बिल्कुल भी जटिल नहीं होते हैं और इनके साथ भावनाओं को साझा करना आसान रहता है। अदा ने बताया, मैं हमेशा से ही इंसानों से ज्यादा जानवरों संग सहज महसूस करती हूं। मुझे पार्टी में जाना या अनजान लोगों के बीच में रहना पसंद नहीं है। लेकिन इसी जगह मुझे किसी जंगल में छोड़ आइए, मुझे घर जैसा महसूस होगा। जानवर जटिल नहीं होते हैं और इनसे घुलना-मिलना भी आसान होता है। वे क्षण में अपनी जिंदगी को जीते हैं। अदा ने हाल ही में एक घायल पंछी को रेस्क्यू कर उसे ट्विटर का नाम दिया। हैदराबाद के पास स्थित एक जंगल के पेड़ में से गिरकर यह पक्षी चोटिल हो गई थी। अदा यहां अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रही थीं और इसी दौरान उन्होंने इसे बचाया। अभिनय की बात करें, तो अदा हाल ही में अभिनेत्री अनुप्रिया गोएनका संग शॉर्ट फिल्म चूहा बिल्ली में नजर आईं।

# सेब खाने से पहले जरूर बरतें यह सावधानी, हो सकता है जानलेवा



कहा जाता है कि जो रोज एक सेब खाता है उसके घर कभी डॉक्टर नहीं आता। डॉक्टर भी कहते हैं कि सेब जरूर खाना चाहिए। बुखार के बाद आई कमजोरी को दूर करने के लिए भी सेब ही खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन इस फल को लेकर एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि सेब खाने से पहले उसके बीज को सावधानी जरूर हटा देना चाहिए क्योंकि यह पेट के अंदर जाते ही जहरीला हो जाता है और इससे जान जा सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि बीज में अमिगडलिन नाम का एक तत्व होता है जो पेट के अंदर पाए जाने वाले एंन्जाइम के संपर्क में आते ही सायनाइड बनाने लगता है। हालांकि जरूरी नहीं है कि ऐसा हो। लेकिन अगर कभी साइनाइड बन जाता है तो यह इंसान की बीमार बना सकता है यहां तक कि उसकी मौत हो सकती है। आपको बता दें कि सायनाइड अब तक सबसे घातक जहर माना जाता है। पोटेशियम सायनाइड का तो आज तक कोई स्वाद ही नहीं बता पाया है। कई फलों के बीजों में अमिगडलिन पाया जाता है हालांकि इसके जानलेवा बनने के आशंका कम रहती है। फिर भी हमें किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। अब आप कभी भी सेब या ऐसा कोई फल जिसमें छोटे-छोटे बीज पाए जाते हैं तो उनको ठीक से जरूर हटा लें।



## रिसर्च के अनुसार इस उम्र के बाद जींस पहनना हो सकता है खतरनाक

पार्टी, आउटिंग हो या यूं कही जाने से पहले अगर हम कुछ पहनने का सोच रहे हैं तो दिमाग में सबसे पहले आता है जींस। जींस को लेकर अक्सर यह बात कही जाती है यह कंफर्टेबल होने के साथ-साथ आपके फैशन में कोई कमी नहीं आती है। जींस को लेकर आप ऐसी बात सुनेंगे तो आपका दिल जरूर बैठ जाएगा कि एक उम्र के बाद आपको जींस पहनना छोड़ देना चाहिए। दरअसल ब्रिटेन में हुए एक रिसर्च में ये बात सामने आई है कि 53 साल की उम्र तक पहुंचने के बाद आपको जींस पहनने का मोह त्याग देना चाहिए। ये रिसर्च कलेक्टप्लस कुरियर सर्विस ने की है। इस रिसर्च के मुताबिक इस उम्र के बाद आपको अपने लिए परफेक्ट जींस चुनने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और अगर आपको जींस मिल भी गई तो आपको उसके लिए ज्यादा रुपए खर्च करने पड़ते हैं। हालांकि इस रिसर्च की बात वोग मैग्जीन की एडिटर केली कोनर सिरे से खारिज करती हैं। उनका कहना है जब तक आप जींस पहनने में खुद को कंफर्टेबल महसूस करते हैं जब तक आप जींस का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## अपनेपन का प्रेम असली प्रेम

जब प्रेम बहुत गहरा होता है, तब तुम किसी भी गलतफहमी के लिए पूरी जिम्मेवारी लेते हो। पल भर के लिए ऊपरी तौर से नाराजगी व्यक्त कर सकते हो, परन्तु जब इस नाराजगी को दिल से महसूस नहीं करते, तब तुम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझ पाते हो। तब तुम उस अवस्था में हो जहां सभी समस्याएं और मत-भेद मिट जाते हैं और केवल प्रेम झलकता है। प्राय~ हम मतभेदों में उलझे रहते हैं क्योंकि अपने वास्तविक स्वभाव से दूर हो गए हैं। प्रेम के नाम पर हम दूसरों को इच्छानुसार चलाना चाहते हैं। यह स्वाभाविक है कि जब हम किसी से प्रेम करते हैं तो हम चाहते हैं कि वे त्रुटिहीन हो। तुम पहाड़ी के ऊपर से जमीन के गड्ढों को नहीं देख सकते। इसी प्रकार, उन्नत चेतना की अवस्था से दूसरों की त्रुटियां नजर नहीं आती। परन्तु जमीन आकर गड्ढों को (दोषों को) देख सकते हो। और गड्ढों को भरना चाहते हो तो उन्हें देखना ही होगा। हवा में रहकर तुम घर नहीं बना सकते। गड्ढों को देखे बिना, उनको भरे बिना, कंकड़-पत्थर हटाए बिना, जमीन को नहीं जोत सकते। इसीलिए जब तुम किसी से प्रेम करते हो और उनमें दोष ही दोष देखते हो तो उनके साथ रहो और गड्ढे भरने में उनकी मदद करो। यही ज्ञान है। तुम किसी को प्यार क्यों करते हो? क्या उनके गुणों के लिए या मित्रता और अपनेपन के कारण? अपनत्व महसूस किए बिना, केवल उनके गुणों के लिए, तुम किसी से प्रेम कर सकते हो! इस प्रकार का प्रेम प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या पैदा करता है। परन्तु जब प्रेम आत्मीयता के कारण होता है, तब ऐसा नहीं होता। जब तुम किसी को उनके गुणों के लिए चाहते हो और जब उनके गुणों में बदलाव आता है, या जब तुम उनके गुणों के आदी हो जाते हो, तुम्हारा प्रेम भी बदल जाता है। परन्तु प्रेम यदि अपनत्व के भाव से है, क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वह प्रेम जन्म-जन्मान्तरों तक रहता है। लोग कहते हैं, मैं ईश्वर से प्रेम करता हूं क्योंकि वे महान है। और यदि यह पाया जाए कि ईश्वर साधारण हैं, हमारे जैसे ही एक व्यक्ति, तब तुम्हारा प्रेम समाप्त हो जाएगा। यदि तुम ईश्वर से इसलिए प्रेम करते हो क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वे चाहे जैसे भी हों, चाहे वे रचना करें या विनाश, तुम फिर भी उन्हें प्रेम करते हो। अपनेपन का प्रेम स्वयं के प्रति प्रेम के समान है।

# मंहगाई पर काबू की कौन सोचेगा?

**ऋतुपर्ण दवे**

दरअसल मंहगाई वो सार्वभौमिक सत्य है जिसको लेकर शायद ही कभी ऐसा दौर रहा हो सरकार किसी की भी हो, निशाने पर न आई हो। कभी मंहगाई को विकास के पैमाने से जोड़ा जाता है तो कभी इसे महामारी या युध्द के नाम मढ़ दिया जाता है। लेकिन यह भी बड़ी हकीकत है कि कम से कम भारत में मंहगाई की मार हमेशा एक तबका विशेष को ही ज्यादा झेलनी पड़ती है। यह बात अलग है कि समय के साथ इसके निशाने पर समाज का अलग-अलग वर्ग आता रहा है। मौजूदा समय में बेशक मंहगाई का सबसे बड़ा खामियाजा वो मध्यम वर्ग ही झेल रहा है जिसके पास सिवाय सीमित आय से गुजारा करने के और कोई चारा नहीं बचा है। इस सच को भी स्वीकारना होगा कि तमाम वायदों, प्रलोभनों और राजनीतिक दांव-पेंच के बीच कभी सस्ता तो कभी मुफ्त का अनाज, कभी गरीबों को मदद पहुंचाने की होड़ में छूटता और पिसता मध्यम वर्ग ही है जो अपनी सीमित आय और तमाम सरकारी औपचारिकताओं को पूरा कर हमेशा पिसता रहा है। पहले गरीब मंहगाई का शिकार होते थे जब किसी भी तरह की सरकारी योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ नहीं मिल पाता था। अब चाहे बात इन्कम टैक्स की हो या मकान भाड़ा, वाहन का भाड़ा हो या वक्त पर काम पर पहुंचने की दौड़, बच्चों को योग्यता के हिसाब से पढ़ाने या रहन-सहन में खर्च की या फिर इज्जत के साथ परिवार के दो जून की रोटी की कवायद। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित मध्यम वर्ग ही हुआ है।

मौजूदा मंहगाई को पहले कोविड की नजर लगी, अभी रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते ग्लोबल इकॉनामी की दुहाई दी गई। जिंस और वित्तीय बाजारों में जैसे उतार-चढ़ाव दिख रहे हैं वह ठीक नहीं हैं। अब ज्यादा सतर्कता के साथ वित्तीय कदम उठाए जाने चाहिए जिससे भारत में मुद्रास्फीति और वित्तीय स्थिति पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर से निपटने में मदद मिल सके। इसी 11 अप्रेल को सरकार द्वारा जारी किए गए डेटा बताते हैं कि मार्च-2022 में खुदरा महंगाई दर फरवरी-2022 की तुलना में इतनी बढ़ी कि 16 महीनों के उच्चतम स्तर 6.95 प्रतिशत पर पहुंच गई। फरवरी-2022 में यही दर 6.07 प्रतिशत थी।

इसी मंहगाई दर या वृध्दि की तुलना बीते साल के मार्च से करें तो और भी चौंकाने वाला आंकड़ा सामने है। मार्च में खाने-पीने के सामान के दामों में 7.68 प्रतिशत की वृध्दि हुई जो फरवरी में केवल 5.85 प्रतिशत थी। अंतर और आंकड़े खुद ही कहानी कह रहे हैं। वहीं यदि इसी फरवरी-2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो तस्वीर बदलती दिखने लगती है। पेट्रोल-डीजल के मूल्य में 10-10 रूपए की वृद्धि का असर माल भाड़े पर भी पड़ा और भाड़ा 15 से 20 तक तक बढ़ा। इन कारकों और कारणों से खुदरा और थोक दोनों बाजारों में अनाज, फल, दूध और सब्जियों के दाम किस तरह से बढ़े, सबको पता है। मार्च महीने में खाने-पीने की वस्तुओं के दामों में 7.68 प्रतिशत की तेजी आई है जबकि यही खुदरा



महंगाई दर फरवरी में 5.85 प्रतिशत पर थी। हालांकि 48 अर्थशास्त्रियों के बीच एक पोल के जरिए पहले ही यह अनुमान लगा लिया गया था कि खुदरा मंहगाई दर बढ़ गई है जो 16 महीनों के अधिकतम स्तर पर पहुंच चुकी है। बाद में यही सच निकला। सर्वेक्षण 4 से 8 अप्रेल के बीच किया गया था और सरकारी आंकड़े 11 अप्रेल को आए। फरवरी-2022 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 13.11 प्रतिशत रही जो 4 महीनों का उच्चत्तम स्तर था। वहीं जनवरी-2022 में दर 12.96 प्रतिशत थी जो मार्च-2022 में 14.55 प्रतिशत पहुंच गई। जबकि मार्च 2021 में यही थोक आधारित महंगाई दर केवल 7.89 प्रतिशत थी जिसका दहाई के अंकों तक पहुंचना चिन्ताजनक है। 137 दिनों के अंतराल के बाद भारत में पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में इजाफा का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ जिसने कई दिनों तक थमने का नाम नहीं लिया। जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम गिर चुके थे। भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों में बीते 22 मार्च से इसी 6 अप्रैल तक कई बार वृध्दि हुई जो दिवाली के वक्त से नहीं बढ़े थे। वैश्विक स्तर पर क्रूड ऑयल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर शुरू में भारत में नहीं दिखा क्योंकि 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव थे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 15 मार्च 2022 से पहले लगातार तीन सप्ताह तक 130 डॉलर प्रति बैरल तक उछला तेल भी टूटकर 100 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। भारत में पेट्रोलियम पदार्थों के दामों उछाल दुनिया में तेल के दाम गिरने के बाद शुरू हुए।

हालांकि छह अप्रैल से इसे लिखे जाने तक कोई भी कीमत नहीं बढ़ी है। लेकिन तब तक पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 10-10 रुपए का इजाफा हो चुका था। इसी तरह एलपीजी, पीएनजी, सीएनजी के दाम भी बढ़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल बाजार में कीमतों में गिरावट जारी है। 3 अप्रेल को इंडियन बास्केट की कीमत गिरकर 97 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई जो मार्च की औसत कीमत से लगभग 13 प्रतिशत सस्ती है।

मंहगाई का सबसे ज्यादा असर थाली पर पड़ता है। नींबू तक ने दामों में ऐसी ऐतिहासिक छलांग मारी कि नजर उतारने के बजाए खुद नजरिया गया। यही हाल आसमान छूते सब्जियों के दामों, दूध, फल और अन्य खाद्य सामग्रियों पर भी पड़ा। लोहे के सरियों की कीमतें जबरदस्त उछलीं। सीमेण्ट भी प्रति बोरी 15 से 25 रुपए बढ़ गई। ईंट तक के दाम खूब उछाल पर हैं। कुछ समय पहले तक दो कमरे, एक रसोई, एक बाथरूम यानी औसत 111 गज का मकान 10 लाख रुपए में आसानी से बन जाता था अब वहीं 12-13 लाख रुपयों से भी ज्यादा हो गई है। इधर आम दवाइयां जैसे बुखार, दर्द निवारक से लेकर एंटीबायोटिक तक की कीमतें भी दस प्रतिशत तक बढ़ीं जिससे इलाज कराने वालों का दर्द घटने की बजाए बढ़ा। रोजाना दवाओं के सहारे जिन्दगी की डोर थामें मरीजों को अब एक-एक सांस भारी पड़ रही है।

एक तरफ हम 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहे हैं। दूसरी तरफ लॉकडाउन ने करोड़ों रोजगार खत्म कर दिए। अनगिनत व्यापार-व्यवसाय चौपट हुए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग एकाएक गरीब हो गए। उन्हें वो राहत नहीं मिली जो मिलनी थी। रही-सही कसर दो साल में कोरोना ने पूरी कर दी। अब रूस-यूक्रेन युध्द की विभीषिका के नाम पर अर्थव्यवस्था तबाही की कगार पर है। विसंगतियां बहुत हैं। सरकार का राहत पैकेज बड़े उद्योगपतियों को जरूर मिला लेकिन आम जनता के हिस्से आया केवल पांच किलो अनाज। माना कि सरकारी कर्मचारियों की थोड़ी बहुत भरपाई मंहगाई भत्ता बढ़ाकर हो भी जाए लेकिन बांकी मध्यम वर्ग को राहत की कौन सोचेगा? वैसे तो मंहगाई का सब पर असर पड़ता है और पड़ा भी। खाली जेब आम आदमी कैसे जाएगा बाजार? सवाल फिर वही कि मंहगाई को काबू में कैसे रखा जाए? जाहिर है मंहगाई वो बेलगाम घोड़ा है जिसे रोका तो नहीं जा सकता पर काबू जरूर किया जा सकता है। लगता है कि इन हालातों में मंहगाई घटेगी! हां, काबू में तो रखना ही होगा वरना जीवन और कठिन हो जाएगा।

## धरती पर संकट

**सिद्धार्थ शंकर**

हमारी प्रकृति और इसके संसाधनों के लगातार दोहन से पूरी दुनिया में जबरदस्त पर्यावरण संकट छाया हुआ है। बीते कुछ दशकों से लगातार बढ़ते प्रदूषण ने धरती की मुश्किलें बहुत हद तक बढ़ा दी हैं। आज ग्लोबल वॉर्मिंग गंभीर वैश्विक खतरा बन गया है। प्रदूषण और बढ़ते मानवीय हस्तक्षेपों ने जिस जलवायु परिवर्तन के संकट को पैदा कर दिया है उसके चलते पृथ्वी के नियमित चक्र भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। यही वजह है कि हमारी धरती के किसी कोने में भीषण गर्मी हो रही है तो किसी दूसरी जगह भयानक जल प्रलय जैसे हालात पैदा हो रहे हैं। अनेक देशों में समुद्र तटीय इलाके लगातार सागरों के जल में डूबते जा रहे हैं। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेकों प्रजातियां खत्म हो रही हैं या खात्मे की कगार पर हैं। वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और शोधार्थियों का मत है कि हमें अपनी धरती को रहने लायक बनाए रखने के लिए तुरंत ही आगे आना होगा। दरअसल हमारी धरती के चक्रों और इसके तत्वों में संतुलन कायम रखने के लिए विश्व में जनसमुदाय को इनकी अहमितय समझनी जरूरी है। आम लोग पृथ्वी और इसके पर्यावरण को समझें, वे इसके संसाधनों की निरंतरता बनाए रखने के लिए आगे बढ़कर कुछ प्रयास करें इन इरादों के साथ ही पृथ्वी दिवस जैसी पहल दुनिया ने एक साथ शुरू की। अभी तक का हमारा ज्ञान और उपलब्ध सूचनाएं कहती हैं कि हमारी धरती ही अकेला ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन है। इस जीवन को बचाने और निरंतर बनाए रखने के लिए हमें धरती की अनमोल प्राकृतिक संपदाओं को बचाए रखना जरूरी है। विशाल पैमाने पर औद्योगीकरण तथा नगरीकरण आदि की प्रक्रियाओं ने प्रकृति पर जबरदस्त दबाव का वातावरण बना दिया है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के दुष्परिणाम आज पूरी धरती पर अलग-अलग तरह से दिखाई दे रहे हैं। लगातार सूखा, बाढ़, रेगिस्तानी इलाकों में हिमपात या ओलावृष्टि, जबरदस्त भू-स्खलन, समुद्री तूफान आदि चुनौतियों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है।



इन बदलावों और अचानक आने वाले संकटों से हर साल दुनियाभर में लाखों लोग प्रभावित होते हैं। यही नहीं वनों और उनमें रहने वाले जीव-जंतुओं के प्राकृतिक आवास भी इन संकटों के चलते खत्म हो जाते हैं या खतरे में पड़ जाते हैं। हमारे लिए यह जानना और समझना बहुत आवश्यक है कि हमारे आसपास का जो परिवेश है, जिस पर्यावरण में हम रहते हैं, उसमें उपस्थित हर तत्व, हर घटक बहुत विशेष है। नदिया, पर्वत, घाटियां, पठार, छोटी-छोटी वनस्पतियां, विशाल पेड़ और समस्त जीव जंतुओं का हमारी धरती पर विशिष्ट महत्व है। धरती पर मौजूद हर संसाधन बहुमूल्य है। ये संसाधन सीमित हैं और इन्हें किसी भी सूरत में मानव अपनी आवश्यकताओं के लिए तुरंत तैयार नहीं कर सकता। जल हो या जंगल, हवा हो या कोई जीव-जंतु, यदि एक भी प्राकृतिक संसाधन खत्म हो गया तो प्रकृति का पूरा चक्र गड़बड़ा जाएगा। हम सभी जानते हैं कि पानी के बिना जीवन संभव नहीं है। हम यह भलीभांति जानते ही हैं कि मानव समेत अन्य जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की जल की आवश्यकता निस्संदेह बहुत महत्वपूर्ण है। यह तथ्य भी सर्वविदित है कि हमारी धरती पर मौजूदा कुल जल संसाधनों का मात्र लगभग 3 प्रतिशत ही पीने योग्य है। पेय जल हमें ग्लेशियरों और भूमिगत जल राशियों से प्राप्त होता है। यह एक वैज्ञानिक तथ्य है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ा है और इससे ग्लेशियर सिकुड़ते जा रहे हैं। इससे हिमालयी सदानीरा नदियों में भी असंतुलन पैदा हुआ है। नदियों के इकोलॉजिकल सिस्टम पर भी बहुत बुरा असर पड़ा है। भूमिगत जल का दोहन इस कदर हो चुका है कि अब अधिकांश इलाकों में कई सौ मीटर की गहराई तक खुदाई करने से भी ट्यूबवेल के लिए पानी नहीं मिल रहा। एक और संकट है कि बढ़ते मृदा प्रदूषण के कारण भूजल प्रदूषित हो चुका है। कई जगहों पर नलकूपों का पानी इतना खराब होता है कि उसे किसी भी काम में नहीं ला सकते। विश्लेषक मानते हैं कि धरती पर निकट भविष्य में जल संकट की भयंकर तस्वीर सामने आने वाली है।

# हरीश रावत की ताकत का एहसास करा गया यह विद्रोह!

### सूडोकु नवताल- 6050

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6049 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

उत्तराखंड में यह स्पष्ट हो गया है कि हरीश रावत को उत्तराखंड में कांग्रेस के भीतर नकारा नहीं जा सकता है।हरीश रावत पिछले कई दिनों से इस बात के संकेत दे रहे थे कि वह आने वाले दिनों में भी अपनी राजनीतिक सक्रियता बनाए रखेंगे।यशपाल आर्य जिन्हें नेताप्रतिपक्ष बनाया गया है , हरीश रावत खेमे के माने जाते हैं। हरीश रावत के आशीर्वाद से ही उन्हें यह पद मिला है।हरीश रावत ही इस पद हेतु उनके लिए लांबिग कर रहे थे। कांग्रेस आलाकमान ने जो नियुक्ति की हैं, उससे यह साफ हो गया है कि उत्तराखंड में चुनाव हारने के बाद भी हरीश रावत की कांग्रेस आलाकमान पर पकड़ मजबूत है।तभी तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर वे करन महारा को बैठाने में कामयाब हो गए। कांग्रेस को मिली हार के बाद हरीश रावत अपने विरोधियों के निशाने पर आ गए थे और ये माना जा रहा था कि वह सियासत में हाशिए में चले गए हैं और रिटायरमेट ले सकते हैं।उनके इर्द गिर्द घूमने वाले अवसर वादी भी उनसे दूरी बनाने लगे थे।जो उनके घर कुछ दिनों तक रहे सन्नाटे के रूप में प्रमाणित भी होता है। लेकिन राज्य में हुई इन नियुक्तियों से साफ हो गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का कांग्रेस संगठन में दबदबा अभी भी कायम है और आलाकमान का अभी भी उन पर विश्वास बरकरार है।क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष पद पर नियुक्ति के फैसले में रावत की राय बखूबी नजर आ रही है।वहीं नेता प्रतिपक्ष पद को लेकर राज्य के कांग्रेस प्रभारी देवेन्द्र यादव, प्रीतम



सिंह का समर्थन कर रहे थे,लेकिन फिर भी हरीश रावत,अपने चेहते यशपाल आर्य को इस कुर्सी पर बैठाने में सफल रहे। हरीश रावत गुट प्रीतम सिंह की जगह पूर्व काबीना मंत्री यशपाल आर्य को नेता प्रतिपक्ष के पद पर नियुक्त करना चाहता था और इसके लिए वह लॉबिंग भी कर रहे थे।क्योंकि प्रीतम सिंह व उनके लोग बीते चुनाव में हरीश रावत व उनके समर्थकों को आगे बढ़ने से रोकते रहे।जिसका नुकसान हरीश रावत व उनके समर्थकों को उठाना पड़ा।वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कमान करण सिंह महारा को दी गई है।वह हरीश रावत की पत्नी रेणुका रावत के सगे भाई है,इस कारण उनके परिवार के माने जाते हैं।निराशाजनक चुनाव परिणाम आने के बाद अधिकतर लोग हरीश रावत के खिलाफ बयान दे रहे थे,या फिर उनका राजनीतिक खेल खत्म बताकर उपहास उड़ा रहे थे।वहीं कांग्रेस में हरीश रावत के दबदबे व प्रीतम सिंह के बैकफुट पर आने से हैरत का अनुभव कर रहे है। हालांकि विधानसभा में उपनेता भुवन कापड़ी को नियुक्त किया गया है। जो प्रीतम सिंह के करीबी माने जाते हैं। कापड़ी ने ही राज्य के सीएम पुष्कर सिंह धामी को खटीमा सीट पर शिकस्त दी थी।जो प्रीतम गुट के लिए संतोष की बात हो सकती है। उत्तराखंड में नेताप्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस में नाराजगी वाली कोई बात नहीं है।पार्टी का कोई विधायक नाराज नहीं है।सभी विधायकों से लगातार मेरी बातचीत हो रही है।उन्होंने कहा कि हो सकता है कुछ विधायकों में किसी बात को लेकर नाराजगी हो लेकिन उनकी नाराजगी को दूर किया जाएगा। यशपाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस के अंदर नेता प्रमुख नहीं होता, पार्टी प्रमुख होती है इसलिए सभी को एक साथ मिलकर चलने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि मैं पार्टी का एक छोटा सा कार्यकर्ता हूं और जहां भी मेरी जरूरत पड़ेगी मैं उसका निर्वहन बखूबी करूंगा।उन्होंने कहा कि हमारे बीच आपसी मतभेद हो सकते हैं लेकिन पार्टी के अंदर अपनी बात रखने के कई मंच हैं। सार्वजनिक मंच पर इस तरह की बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। इतना ही नहीं बीजेपी पर कटाक्ष किया और कहा कि जो विधायक बीजेपी में जाने की बात कह रहे हैं उन्हें ये सोच लेना चाहिए कि जिस पार्टी में सम्मान ही नहीं होता वहां जाकर क्या करेंगे?वही पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के करीबी हरीश धामी ने कहा कि वे स्वयं विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए उपयुक्त थे।

## जैन मुनियों का उष्ण परिषह

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

वर्तमान काल में जैन मुनियों की साधना बहुत कष्टप्रद मानी जाती हैं क्योंकि सबसे पहले दिगम्बरत्व के साथ भूख प्यास ,ठण्ड गर्मी आदि मौसमों में कोई आडम्बर नहीं। उनका मुख्य काम आत्म कल्याण करना ,उसके बाद देश ,समाज ,जाति ,व्यक्ति के लिए आध्यात्मिक ,सामाजिक ,पारिवारिक ,राजकीय व्यवस्थाओं पर चर्चा /अनुदेश /विकृतियों को दूर करने का उपदेश देना। स्व-परहित में लगे रहना। उनके लिए मोक्ष मार्ग इच्छा का मार्ग नहीं ,परीक्षा का मार्ग हैं। जिस प्रकार गुरुकुल में पहले प्रवेश हेतु परीक्षा होती हैं उसके बाद शिक्षा होती हैं और स्कूल में पहले शिक्षा होती हैं ,बाद में परीक्षा संसार मार्ग प्रतीक्षा का मार्ग हैं। परन्तु मोक्ष मार्ग अनुप्रेक्षा का मार्ग हैं।

उष्ण परिषह जय किसे कहते हैं ? चरित्र की रक्षा करने के लिए डाह का प्रतिकार करने की इच्छा का अभाव होना उष्ण परिषह सहन हैं। अनशन आदि के कारण शरीर में असहय गर्मी की वेदना हैं। पसीना ,शोष -दाहआदि से पीड़ित होने पर भी जलभवन ,जलावगाहन ,चन्दन आदि का अनुलेपन ,कमल की माला ,मुक्ताहार आदि पूर्व में अनुभूत शीतल उपचारों के प्रति तिरस्कार भाव रखने वाले संयमी जनों का अनेक पुनीत विचारों से उष्णवीरोधनी क्रिया के प्रति अनादर करते हुए चारित्र का रक्षण करना उष्ण परिषह जय हैं।

**गिरि शिखर के ऊपर मुनि वर ,योग धरा करते हैं।**
**सूर्य किरण की तीव्र तपन को ,सदा सहा करते।।**

मुनि व्रत धारण करने के बाद भोग छोड़ना पड़ता हैं ,योग के लिए तो परम् पुण्य कर्म का योग हैं शुभ योग हैं भोगी भोग छोड़ के योगी बनता हैं परन्तु योगी योग छोड़कर के भोगी नहीं बनना चाहता। योग तो आत्म आनद का विषय हैं परन्तु विषयानन्द का विषय हैं ,जो रौद्र ध्यान की श्रेणी में आता हैं। साधक साधना में सदा लीन रहते हैं ,देह को तपाकर कष्ट देते हैं ,ताकि पुनः शरीर धारण न करना पड़े। अधिकतर मुनि /साधक एकांत स्थान पर अपनी साधना में लीन रहकर तपस्या करते हैं उसका कारण सामान्य जन उस तप साधना से विचलित न पावें। ऊँचे चारित्र को धारण करने वाले ,ऊँचे पर्वत पर योग धारण करते हैं। हम धरती पर रहकर भी धुप तपन नहीं सहन कर पाते हैं। जिस समय शरीर में उष्णता की वेदना होती हैं उस समय नरक गति का चिंतन /मनन करते हैं।

**मेरु समान लोह गल जाये ,ऐंसी शीत ऊष्णताथाये ।**

# क्लीन ग्रीन टीम का पक्षी बचाओ-सकोरा लगाओ अभियान अम्बाह जेल तक पहुंचा



**अम्बाह।** गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु-पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए यह बात क्लीन ग्रीन टीम व्दारा उप जेल परिसर में आयोजित दाना पानी अभियान में जेल अधीक्षक अनिरुद्ध सिंह नरवरिया द्वारा कही गई। अभियान से जुड़े पवन शर्मा एडवोकेट ने कहा कि सकोरा जगह-जगह टांग कर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की जा रही है, साथ ही आम जनता से अपील की जा रही है कि वह पक्षियों के लिए अपने स्तर पर भी दाना पानी की व्यवस्था करें।

इस मौके जेल अधीक्षक ने कहा कि गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। सुबह आंखें खुलने के साथ ही घरों के आस-पास गौरेया, मैना व अन्य पक्षियों की चहक सभी के मन को मोह लेती है। घरों के बाहर फुदकती गौरेया बच्चों सहित बड़ों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है। गर्मियों में घरों के आसपास इनकी चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें। जिले में गर्मी बढने् लगी है। यहां का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पार हो गया है। आने वाले सप्ताह में और अधिक गर्मी पडने् की संभावना है। गर्मी में मनुष्य के साथ-साथ सभी प्राणियों को पानी की आवश्यकता होती है। मनुष्य तो पानी का संग्रहण कर रख लेता है, लेकिन परिंदे व पशुओं को तपती गर्मी में यहां-वहां पानी के लिए भटकना पड़ता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं। श्री नरवरिया ने कहा कि साल्ट और एनर्जी पक्षियों की किडनी के फंक्शन के लिए जरूरी है। इसकी पूर्ति खनिज-लवण युक्त पानी से हो सकती है। गर्मी में अपने घरों के बाहर, छतों पर पानी के बर्तन रखें और हो सके तो छतों पर पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था भी करें। पक्षियों के शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की मात्रा संतुलित रहे, इसके लिए पानी मे गुड़ की थोड़ी मात्रा मिलानी चाहिए।इससे गर्मी में तापमान से राहत मिलती है और शरीर में पानी की कमी नहीं होती। वहीं मवेशियों के लिए भी कोटना अपने घरों के सामने रखना चाहिए जो वेस्ट वाटर घर से बाहर फेंका जाता है, वह कोटना में डाल दें तो मवेशियों को भी पानी मिल सकता है। इस मौके पर बृज किशोर कुशवाहा, दयाल गुर्जर, पवन शर्मा, आदित्य शर्मा, अनूप सिलावट सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### भोजन और पानी की होती है कमी

गर्मी में पक्षियों के लिए भोजन की भी कमी रहती है। पक्षियों के भोजन कीड़े-मकोड़े गर्मियों में नमी वाले स्थानों में ही मिल पाते हैं। खुले मैदान में कीड़ों की संख्या कम हो जाती है, जिससे पक्षियों को भोजन खोजने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है। जंगलों में पेड़ों के पत्ते झड़ जाते हैं, साथ ही जल स्त्रोत भी सूख जाते हैं। वहीं मवेशियों के लिए भी चारागाह के अलावा खेतों में पानी की समस्या होती है, इस वजह से पानी के साथ भोजन की भी कमी से मवेशियों को जूझना पड़ता है।

### क्लीन ग्रीन टीम ने आम जनता से की यह अपील

घरों के बाहर पानी के बर्तन भरकर टांगें, या बड़ा बर्तन अथवा कोटना पानी भरकर रखें, जिससे मवेशी व परिंदे पानी देखकर आकर्षित होते हैं। इसके अलावा छत पर भी पानी की व्यवस्था करें, छायादार जगह बनाकर वहां पानी के बर्तन भर कर रखें। पक्षियों के लिए चना, चावल, ज्वार, गेंहू आदि जो भी घर में उपलब्ध हो भोजन की व्यवस्था छतों में करें।



## अवैध पत्थर परिवहन करते ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी, चालक फरार

**मुरैना।** सबलगढ़ थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह बकसपुर नहर की पुलिया पर चेकिंग के दौरान पत्थर का अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया, जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रेत एवं पत्थर का अवैध उत्खनन कर परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी श्रंखला में सबलगढ़ थाना प्रभारी केके सिंह ने शनिवार की सुबह बकसपुर नहर की पुलिया पर चेकिंग पॉइंट लगाया, तभी एक नीले रंग का फार्मट्रेक ट्रेक्टर ट्राली आता दिखाई दिया, जिसे रोकना चाहा तो आरोपी चालक ट्रैक्टर ट्रॉली को छोड़कर भाग निकला। सबलगढ़ पुलिस ने ट्रैक्टर को बरामद कर फरार हुए चालक के विरुद्ध चोरी एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई अनियंत्रित बाइक 2 गंभीर घायल

**पोरसा।** अटेर रोड ढका गांव में पास सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से एक मोटर टकरा गई। जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर घायल हुए हैं। पोरसा तहसील क्षेत्र के नगरा गांव निवासी सुखपाल सिंह तोमर (55) रात में अपने रिश्तेदार को पोरसा से लेकर गांव जा रहे थे। तथी ढका गांव के पास सामने से आ रहे वाहन की रोशनी में उन्हें समझ नहीं आया और बाइक का संतुलन बिगड़ गया। बाइक सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। जिससे सुखपाल सिंह तोमर व उनका रिश्तेदार गंभीर घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को पोरसा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत होने से उन्हें रात में ही जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

## सिलेंडर की लेजम फटने से चाय व जूता चप्पल की दुकान आग से स्वाहा

### - स्टेशन के सामने की घटना, आग के दौरान फैली दहशत




**मुरैना।** शनिवार की सुबह स्टेशन गेट के सामने स्थित चाय की दुकान में सिलेंडर मैं लगी लेजम फटने से चाय एवं बगल से स्थित जूते चप्पल की दुकान में आग की लपटें दहकने लगी और देखते ही देखते दोनों दुकाने स्वाहा हो गई। सूचना मिलते ही तत्काल दो फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है, लेकिन कुछ समय के लिए वहां दहशत फैल गई और बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरैना रेलवे स्टेशन प्रवेश द्वार के ठीक सामने प्रकाश स्टूडियो संचालक प्रमोद माहेश्वरी की तीन चार मंजिला इमारत बनी हुई है, जिसमें प्रथम तल पर दुकान निर्मित है। कॉर्नर की दुकान को बंटी चायवाला संचालित करता है। शनिवार की सुबह 10:30 बजे के लगभग चाय बनाते समय अचानक सिलेंडर में लगी लेजम फट गई और आग की चिंगारी से दुकान जलने लगी। दुकानदार अपनी जान बचा कर भागा और आसपास खड़े लोग भी भागने लगे। देखते ही देखते चाय की दुकान के साथ-साथ हाल ही में 4 दिन पहले बगल में खुली जूते चप्पल की दुकान भी आग की चपेट में आ गई और धू-धू कर जलने लगी। विकराल आग देखते हुए लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मुख्यालय से तुरंत दो फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने आधा घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक दुकानों में रखा माल स्वाहा हो गया। बताया जाता है कि जूते-चप्पल की दुकान को दो लोग पार्टनरशिप में संचालित कर रहे थे और 4 दिन पहले ही उन्होंने दुकान खोली थी।

## आयुष्मान भारत योजना रामदत्त के लिये बनी अभयदान



**मुरैना।** 30 वर्षीय रामदत्त पुत्र विद्याराम के लिये आयुष्मान भारत योजना अभयदान बन गई है। ब्लॉक खड़ियाहार के ग्राम खरेंटा निवासी रामदत्त ने बताया कि मैं मोटर सायकिल से जा रहा था, रास्ते में अचानक से गिर गया। वहां से मुझे अम्बाह ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मेरा चैकअप करने के बाद 22 मार्च 2022 को जिला चिकित्सालय मुरैना रैफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में डॉ सैयद विजारत अली ने मेरे जबड़े का एक्सरे कराया, एक्सरे में पता चला कि जबड़े की हड्डी टूटी है। तब मुझे डॉ. सैयद विजारत अली ने ऑपरेशन कराने की सलाह दी तो उस वक्त मैं थोड़ा चिंतित हो गया, क्योंकि मैं एक मजदूर आदमी हूं और मेरा परिवार गरीब है। हम मजदूरी करते है, जिससे मैं 4 से 5 हजार रूपये ही कमा पाता हूं। मेरे परिवार में 8 सदस्य है, तब मुझे आयुष्मान कार्ड द्वारा ऑपरेशन कराने की सलाह दी। 29 मार्च को डॉ. सैयद विजारत अली ने मेरा ऑपरेशन किया। अब मेरी तबियत बिल्कुल ठीक है। मैं डॉ. सैयद विजारत अली का धन्यवाद करता हूं कि आयुष्मान कार्ड द्वारा मेरा ऑपरेशन कर ईलाज किया। मैं सरकार का भी बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं कि आयुष्मान भारत निरामय योजना चलाई, जिससे मुझे मदद मिली। यह योजना आगे भी चलती रहनी चाहिये, जिससे गरीब लोगों का ईलाज हो सके।



## नगर परिषद कैलारस मैं सफाई एवं अन्य कार्यों के फर्जी भुगतान कर किया घोटाला: कैलाश चंद्र अग्रवाल




**कैलारस।** नगर परिषद कैलारस द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में कहीं भी इतनी भीषण गर्मी के बावजूद भी पानी की प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गई है, नाले भी चौक पड़े हैं, केवल नगर परिषद के अधिकारी राशि व्यर्थ में खर्च करने में लगे हुए हैं। उक्त बयान कैलारस शहर व्यापर मंडल अध्यक्ष कैलाश चंद्र अग्रवाल ने दिए हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने बताया कि नगर परिषद में फर्जी भुगतान कर शासन की राशि का दुरुपयोग किया गया है। सीएमओ अतर सिंह रावत द्वारा नगर परिषद में घोटाला करने का भी आरोप व्यापार मंडल ने लगाया है। वहीं अनाज मंडी मे किसानों द्वारा बताया गया कि लगभग सैकड़ों की संख्या में किसान मंडी मैं आते हैं लेकिन शीतल पानी की प्याऊ की कोई सुविधा नहीं मिलती है। इस दौरान श्री अग्रवाल ने शहर में गर्मी के मौसम को देखते हुए शीतल जल एवं प्याऊ की व्यवस्था ना किए जाने पर नगरपालिका पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि शहर के मुख्य चौराहा बस स्टैंड, पुरानी सब्जी मंडी, पहाड़ गढ़ रोड, अनाज मंडी, हॉस्पिटल, व नगर पालिका आदि मुख्य स्थानों पर पानी के प्याऊ की कोई व्यवस्था नगर परिषद द्वारा नहीं की गई है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष कैलाश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि यदि नगरपालिका से ऐसी व्यवस्था नहीं हो पा रही है तो हम व्यापारियों द्वारा व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष ने नगरपालिका में भ्रष्टाचार करने के भी नगर परिषद सीएमओ पर आरोप लगाए हैं। शहर के मुख्य चौराहों पर लगभग सैकड़ों हजारों लोगों का आवागमन रहता है। लेकिन नगर परिषद के अधिकारी नगर परिषद के द्वारा राशि का गलत उपयोग किया जा रहा है जब कि शहर की व्यवस्थाओं के लिए उनके पास राशि ही नहीं है।

## जगतगुरु श्रीमद वल्लभाचार्य का 545 वा प्राकट्य उत्सव आज से आरम्भ

### 3 दिन तक चलेंगे विभिन्न कार्यक्रम





**मुरैना।** पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के प्रवर्तक संस्थापक जगतगुरु महाप्रभु श्री वल्लभाचार्य के प्राकट्य उत्सव के अवसर पर 3 दिन तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समस्त वैष्णव जन के अलावा भक्तों से अनुरोध है कि वह वल्लव जयंती के उपलक्ष में आयोजित होने वाले विभिन्न उत्सवों में मौजूद रहकर आनंद का लाभ लें।

महाप्रभु वल्लभाचार्य की 545 वी जयंती के उपलक्ष में पुरुषोत्तम धाम बैठक मंदिर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम दिनांक 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक का आयोजन किया जा रहा है। 24 एवं 25 अप्रेल को ठाकुरजी के विभिन्न मनोरथ होंगे एवं साय 5 बजे से महाप्रभु वल्लभाचार्य जी द्वारा रचित पुष्टिमार्गीय ग्रंथो पर आचार्य श्री दामोदर लाल जी के प्रवचन होंगे। 26 अप्रैल को वैष्णव आचार्य श्री दामोदर लाल जी महाराज श्री के सानिध्य में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसी दिन मंदिर में गोपाल प्रभु के पालना उत्सव का आयोजन होगा, नंदमहोत्सव मनाया जाएगा एवं शाम के समय आचार्य के प्रवचनों का कार्यक्रम रहेगा। इस तरह 24 और 26 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एवं आचार्य श्री दामोदर लाल के प्रवचन का कार्यक्रम रहेंगे सभी वैष्णवजनो से आग्रह है कि पुरुषोत्तम धाम बैठक मंदिर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में पहुंच कर आनंद का लाभ लें।

# नंद के आनँद भयो जय कन्हैया लाल की

## पूज्य कथावाचक पं.श्री सतेंद्र कुमार शुक्ल ने सुनाई भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-उत्तरप्रदेश के जिला जालौन के ग्राम चटसारी में चल रही साथ दिवसीय कथा मे पूज्य कथा वाचक पण्डित श्री सतेन्द्र कुमार शुक्ल जी महाराज ने भगवान के बालचरित्र की कथा सुनाई,भगवान के जन्म के उपरांत पूरा पंडाल जगमगा उठा और नंद के आनँद भयो जय कन्हैया लाल की गूँज से पंडाल गूँज उठा महाराज श्री के द्वारा सुंदर भजन गायन के द्वारा भगवान के जन्मोत्सव के आनँद को आनंदित कर दिया।वही भगवताचार्य पण्डित सतेन्द्र कुमार शुक्ल जी महाराज ने कहा की माता पिता की सेवा सबसे बढ़ा पुण्य होता है उन्होने कहा माता पिता संसार मे प्रत्यक्ष देवता है इनकी सेवा ही सबसे बढ़ा भजन है आप भजन न करे,मंदिर न जाये ,कथा न सुने चलेगा पर यदि आप अपने माता पिता की सेवा नही करते है तो नही चलेगा,जो व्यक्ति अपने माता पिता को कष्ट देता है वो जीवन मे कभी सुखी नही रह सकता,माता पिता की आँखो से जीवन मे



सिर्फ दो ही वार आँसू निकलते है एक जब बेटी घर छोड़कर जाती है तब और दूसरा जब बेटा मुख मोड़ता है तब,भगवान राम ने भी कहा है की वही पुत्र भाग्यवान होता है जो माता पिता के वचनों को मानता है ऐसे व्यक्ति की मुट्ठी मे पुण्य के चारो पदार्थ होते है अर्थ,धर्म,काम,मोक्ष जिनको माता पिता के लिये बेटा प्राणों से प्रिये होता है,बेटे के लिय कितने भी कष्ट सहन करते है कितनी भी सर्दी पड़ रही हो बालक यदि बिस्तर पर पिसाब कर लेता है तो माँ उसे सूखे मे लेटाकर खुद रात भर गीले मे लेटी रेहती है एक माता के कितने भी बच्चे हो उनका पालन पोषण करने मे उसे कभी कोई कष्ट नही होता है पर विडंबना तो ये है की जब वह बूँडे हो जाते है तब 10 पुत्र भी मिलकर अपने माता पिता को सुखी नही रख पाते यह व्याख्यान उन्होने भागवत कथा के दौरान कहे।

यह कथा स्व.प्रेमा देवी पत्नी स्व.ठा. श्री द्वारिकाप्रसाद कौरव की पुण्य स्म्रति में चल रही है।जिसका हवन,पूर्णाहुति व भंडारा 25 अप्रैल दिन सोमवार को है।इस मौके पर कथा में पारीक्षत श्री नीरजा देवी-ठाकुर नरेंद्र सिंह कौरव( रिटायर्ड सीआरपीएफ )रहे।वहीं व्यवस्थापक के रूप में गन्धर्व सिंह,नबाब सिंह,मुनीम सिंह,गिरवर सिंह,राम शरण दादा,कोमल सिंह,महेंद्र सिंह, चन्द्रपाल सिंह,प्रहलाद कौरव मौजूद रहे।

# करोली माता रोड धीमी गति से चल रहा है काम, लोग परेशान जिम्मेदार प्रशासन दे ध्यान



**गणेश शंकर राजोरिया पुष्पांजलि टुडे**

**अंबाह।** अंबाह के करोली माता रोड की साइड को संबंधित विभाग द्वारा खोद डाला गया है जिससे वहां पर रहने वाले लोगो को बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा है वाहन के निकलने से जाम की समस्या पैदा होती है महिलाए,बच्चे व बुजुर्ग अक्सर गिर जाते है उनको चोट भी आ जाती है एवं सड़क बदहाल होने के कारण हर वक्त दुर्घटनाओं का खतरा रहता है।इस सड़क से भूआ पूरा ,गरीब का पूरा रूपहती,खाद का पूरा आदि गांव के लोगों का भी आना जाना लगा रहता है सड़क के किनारे पानी भर जाता है सबधित विभाग समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है क्या कारण है कि प्रशासन इस प्रकार की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है क्या सड़कों के टेंडर निकालने और ठेकेदारों व एजेंसियों को टेंडर सुपुर्दी के बाद उनकी जवाब देही समाप्त हो जाती है क्या आम जनता को कोई परेशानी होती है तो उसकी जवाब देही कोन लेगा संबंधित प्रशासन या एजेंसी या ठेकेदार आम जनता के लिए प्रशासन या एजेंसी या ठेकेदार ने क्या व्यवस्था की है आम जनता टैक्स भरने के बाद भी जनता को इन परेशानियों से दो चार होना पड़ता है।

# खेरागढ़/जगनेर में 4 वर्षीय बालक की जलकर मौत



**संजय सिंह तोमर पुष्पांजली टुडे**

**खेरागढ़ !** उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा की खेरागढ़ तहसील के जगनेर ब्लाक के गाँव जलालपुर निवासी चोब सिंह पुत्र प्रभु का गांव के किनारे पर खेत है। जहां पर खेत पर ही झोपड़ी बना कर रहते थे। शनिवार सुबह करीब 10 बजे चोब सिंह पुत्र प्रभु का 4 वर्षीय नाती कपिल पुत्र नाहर सिंह खेलने के लिये खेत पर आया हुआ था। तभी 10 बजे करीब अज्ञात कारणों से खेत पर बनी झोपड़ी में आग लग गयी जिसके बाद आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया जिसमे झोपड़ी में अंदर बैठा 4 वर्षीय कपिल भी आग की लपटों में घिर गया। जिसके बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गयीं झोपडी के बगल में रखा भुसा आदि भी जल कर राख हो गया।पीड़ित का रो रो कर बुरा हाल है पूर्व विधायक महेश गोयल भी मौके पर पहुच गए और हर सम्भव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।

## समाजसेवी सौरभ शर्मा ने किया विधायक जयवर्धन सिंह का स्वागत

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल।** पूर्व कैविनेट मंत्री व राधौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह का ग्वालियर के समाजसेवी सौरभ शर्मा द्वारा आज भोपाल एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया।समाज सेवक युवा नेता जाति व प्रजाति के साथ खडे रहने वाले श्री सौरव शर्मा जी आज भोपाल एयरपोर्ट पहुंचे। वहाँ पर दिल्ली से आये जयवर्धन सिंह बाबा का स्वागत किया।शर्मा जी ने बताया कि विधायक साहब दिल्ली से अपने क्षेत्र का भ्रमण करने के लिए आये हुए हैं।उसके बाद विधायक जी और सौरभ शर्मा जी अशोकनगर कार्यक्रम दौरे के लिए रवाना हुए।इस दौरान उनके साथ में बृजेश पटेल एवं कई युवा कार्यकारिणी सदस्य भी मौजूद रहे।



# थाना कोतवाली में डीजे संचालकों की मीटिंग लेकर दिए निर्देश



**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुनील खेमरिया द्वारा थाना कोतवाली में डीजे संचालकों की मीटिंग ली जिसमें निम्न निर्देशों के अनुसार कार्यवाही के निर्देश दिए -सभी डीजे संचालक निश्चित डेसीबल साउंड में ही डीजे बजाएंगे ज्यादा तेज आवाज में डीजे बजाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। सभी डीजे संचालक बारात के दौरान इस बात का ध्यान रखेंगे कि उनके कारण कोई ट्रैफिक जाम की स्थिति ना बने जिससे लोगों को परेशानी हो अन्यथा कार्रवाई की जाएगी । कई डीजे संचालक डीजे पर बहुत अधिक लाइटर लगा लेते हैं जिससे डीजे के पास से निकलने वाले वाहन चालकों को परेशानी होती है एवं दुर्घटना होने की भी संभावना रहती है अतः सभी डीजे संचालक लाइट उतनी ही लगाएं कि लोगों को परेशानी ना हो। कोई भी डीजे संचालक रात्रि में 10ः00 बजे के बाद डीजे नहीं बजाएगा अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त थाना प्रभारी यातायात सूबेदार रणवीर यादव द्वारा सभी मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं जिनमें उन्हें निर्देशित किया गया है कि सभी मैरिज गार्डन यह सुनिश्चित करेंगे की उनके गार्डन में शादी अथवा अन्य आयोजन के समय वाहनों की पार्किंग सड़क पर ना हो , केवल वाहन पार्किंग में ही वाहन पार्क किए जाए जिससे लोगों को असुविधा ना हो,एवं मैरिज गार्डन के भीतर डीजे रात्रि 10ः00 बजे के बाद नहीं बजेगा। उक्त निर्देशों का पालन ना करने पर मैरिज गार्डन संचालक एवं डीजे संचालक पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।



## विदाई समारोह मे बोले डीजीएम हितेष बिशिष्ट अपने परिबारी जनो के संपर्क में हमेशा रहूँगा

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**अम्बाह।** संभाग के उपमहाप्रबंधक श्री हितेश वशिष्ट जी के बैतूल स्थानांतरण होने पर म,प्र संविदा एवं ठेका कर्मचारी संघ इंटक अम्बाह द्वारा उन्हें पुष्प माला पहनाकर विदाई दी गई।इस अवसर पर संघ अध्यक्ष शैलेष कुचया,अम्बाह ऐई श्री रविकांत प्रजापति,दिमनी एई नीरज शाक्य,पोरसा एई आकाश पाल, एवं जेई नीरज लुनिया,विक्रांत धुव्रे,भरत कतीजा,कृष्णाअवतार,और सलीम खान बाबू जी यशवंत रावत,आकाश पचौरी,भूपेंद्र शुक्ला,मुकेश गुप्ता,अभिषेक छारी, अनुभव मेहरा,शैलेन्द्र तोमर,रजीत भटनागर,संजीव माहौर, मनोज तोमर,इसुब खान,राजवीर गहलोत,हरिमोहन शर्मा,संदीप,सुशील राठौर,जीतू जाटव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## धर्म गुरू संत खेतेश्वर दाता की 110 वी. जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई

**पुष्पाजंली टुडे मैसूरु** –राजपुरोहित समाज मैसूरु की ओर से धर्म गुरू संत खेतेश्वर दाता की 110 वी जयंती मनाते हुए शुक्रवार रात को भजन संध्या का आयोजन शंकर मठ में रखा गया द्य सर्व प्रथम दाता की तस्वीर पर पुष्पहार पहनाकर तस्वीर स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना कर प्रसाद का भोग लगा कर ज्योत प्रज्वलित की गई द्य गणेश वंदना से शुरू हुई धर्म सभा में भजन कलाकार राजू कुमावत, जेठु सिंह राठोड़,शंकरलाल माली एवं समूह की ओर से मधुर राजस्थानी लोक भजनो की प्रस्तुति देकर धर्मसभा को भक्तिमय बनाया द्य भजनो पर श्रद्धालु देर रात तक नाचते रहे द्य समाज की ओर से मैसूरु पिंजरापोल सोसायटी में पल रही गायो के लिए सहायता राशि दी गई द्य इस अवसर पर राजपुरोहित समाज मैसूरु के अध्यक्ष हापू सिंह राजपुरोहित,उपाध्यक्ष शंकरलाल पुरोहित,पर्यावरण संरक्षण वैदिके समाजसेवी बनूर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित,तगाराम लुंभावास, मोडाराम पुरोहित,सुरेंद्र सिंह पुरोहित,नथाराम पुरोहित, शिवसिंह, दिनेश सिंह,विरमाराम माली, बगदाराम प्रजापत,रघुवीर सिंह मंडलावत, उदय सिंह,बलवंत राम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जगनेर कठूमरी के जंगलो में लगी भयंकर आग, मोके पर पहुची फायर ब्रिगेड



**संजय सिंह तोमर पुष्पांजली टुडे**

**खेरागढ़-** जनपद आगरा के जगनेर ब्लॉक में कठूमरी के जंगलों में शनिवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और वन विभाग के कर्मचारी पहुंच गए। ग्रामीणों के सहयोग से कढ़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक काफी संख्या में पेड़ पौधे और जीव जंतु जल चुके थे।

**कठूमरी-नयागांव के जंगल में सुबह सुबह लगी आग:** कोट चंदौसी राजमार्ग संख्या 39 पर सड़क किनारे कठूमरी-नयागांव के जंगल में शनिवार दोपहर अचानक से आग लग गई। आग की लपटें और धुआं उठते देख लोगों ने आग लगने की सूचना पुलिस को दी। जंगल में आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ गई, लेकिन तब तक आग काफी दूर तक फैल चुकी थी। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कढ़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग से पेड़ पौधे और जीव जंतु जल चुके थे। आग पर काबू पाकर ग्रामीणों, थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने राहत की सांस ली। वहीं जगनेर क्षेत्र के कोट चंदौसी राजमार्ग संख्या 39 पर सड़क किनारे जंगल में भी आग लग गई। वहां भी थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग को काबू में करके बुझाया।

# अमृत सरोवर योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** अमृत सरोवर योजना की समीक्षा बैठक पंचायत प्रशिक्षण संस्थान 26 नं. कोठी में आज शनिवार को कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शासन द्वारा अमृत सरोवर योजनान्तर्गत जिले को 100 नवीन तालाब निर्माण का लक्ष्य निर्धारण किया गया है। जिसके क्रम में जिला के 102 तालाबों का चयन कर कार्य प्रारंभ किया गया है।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री उमराव सिंह मरावी सहित कार्यपालन यंत्री आरईएस, अति.मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एवं उपयंत्रीगण जनपद पंचायत उपस्थित रहे।

अमृत सरोवर योजनान्तर्गत चयनित समस्त तालाब परिणाम आधारित बनाये जाने हैं, जिसमें वित्तीय नियोजन मनरेगा तथा अन्य वित्तीय स्त्रोतों व जल सहयोग के अभिसरण से निर्माण कराये जा रहे हैं। साथ ही जिले में कार्यरत विभिन्न विभागों के ठेकेदारों के साथ भी बैठक आयोजित कर मिट्टी/मुरम की आवश्यकता होने पर इन तालाबों से मशीनों द्वारा मिट्टी/मुरम खुदाई कर अपने निर्माण कार्य पर ले जाने का प्रस्ताव दिया गया है।




जिसमें मिट्टी/मुरम खुदाई की गणना पृथक से की जाकर किये गये सहयोग का मौके पर स्थित सूचना पटल पर अंकित किया जाएगा। इसके अलावा भी तालाब प्रतिनिधियों से भी अपील की गई है कि उक्त तालाब निर्माण में अपना श्रम/मशीन आदि का जो जन सहयोग करना चाहते हैं वह सादर आमंत्रित है, उनके द्वारा किये गये जन सहयोग की भी गणना कर निर्माण स्थल पर स्थित सूचना पटल पर अंकित की जाएगी। उपयोगकर्ता समूह व स्थानीय आयोजित बैठक में अमृत सरोवर योजनान्तर्गत चयनित तालाब निर्माण कार्यों को तकनीकी रूप से उपयुक्त बनाये जाने हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अभियंताओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जाकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

## भदौरिया पुरा की भागवत कथा में राजा परीक्षित और शुकदेव जी में हुए संवाद का वर्णन...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह** । अम्बाह के भदौरिया पुरा गॉव गांव में भागवत कथा सुनाते बाल ब्यास ऋषव देव जी महाराज श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तों को शुकदेव परीक्षित संवाद सुनाया कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। शुकदेव इस संसार में भागवत का ज्ञान देने के लिए ही प्रकट हुए हैं। कथा के दौरान अम्बाह, मिढेला बरबाई रतनबसई होलापुरा चुस्सलई रामगढ देवहंस कापुरा रूअर रिठौना पलूपुरा महासुखपुरा ककरारी तिलोल आदि गॉव के श्रोताओ ने कथा का आन्नद उठाया।



## न-टू-वन

### एयरपोर्ट रोड पर पति के साथ बाइक पर पत्नि को लूटेरो ने बनाया शिकार, चेन लूट ले गए दो बदमाश

**भोपाल।** शहर के पॉश ओर सुरक्षित इलाका माने जाने वाले एयरपोर्ट रोड पर गुलमोहर गार्डन के सामने बेखौफ बदमाशो ने पति के साथ बाईक पर जा रही महिला को अपना निशाना बनाते हुए उसके गले मे पहनी सोने की चैन लूट ली ओर फरार हो गये। थाना पुलिस पुलिस के अनुसार सीटीओ बैरागढ मे रहने वाली 35 वर्षीय रिंकी शर्मा पति सतीश शर्मा ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके पति प्रायवेट स्कूल में टीचर हैं। बीती सुबह वो अपने पति के साथ बाइक पर नेहरू नगर में रहने वाले रिश्तेदार से मिलने जा रही थी, सुबह का समय होने के कारण सडक पर ट्रैफिक कम था। जैसै ही वो एयरपोर्ट रोड पर स्थित गुलमोहर गार्डन के पास पहुचीं तभी उनकी बाईक के पीछे की ओर से आये दो पहिया वाहन पर सवार दो युवक आये ओर पास आकर एक बदमाश ने उनके गले में पहनी सोने की चेन पर झपट्टा मार दिया। अचानक हुई इस घटना के बाद उन्होने तुरंत ही संभलते हुए शोर मचाया, लेकिन आरोपी तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाते हुए मौके से भाग गये। हालांकि महिला के पति ने आरोपियों का काफी दूर तक पीछा किया लेकिर बदमाश उन्हे चकमा देकर निकल जाने मे कामयाब रहे। इसके बाद पति पत्नि ने घटना की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलने पर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर लूटेरो की सुरागशी के प्रयास के साथ ही उनकी धरपकड की कोशिश भी की लेकिर उनका कोई सुराग हाथ नही लगा। सोने की चेन की कीमत 45 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशो के खिलाफ मामला दर्जकर उनकी सुरागशी के लिये घटना स्थल ओर बदमाशो के भागने के रास्ते के फुटेज खंगाल रही है।

### भरोसेमंद नौकर ने लगाई सवा पांच लाख की चपत, नकदी ओर चैक लेकर हुए रफुचक्कर

**भोपाल।** राजधानी के निशातपुरा थाना इलाके मे स्थित करोंद सब्जी मंडी के एक फल कारोबारी को उसके भरोसेमंदं नौकर ने ही लाखो का चूना लगा दिया। आरोपी ने लाखों रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी नौकर को फरियादी कारोबारी ने नगदी और 70 हजार का चेक लेकर आने के लिये भेजा था, जिसे लेकर आरोपी फरार हो गया है। पुलिस के अनुसार निशातपुरा करोंद सब्जी मंडी में फल के थोक व्यापारी 55 वर्षीय रमेश अभिचंदानी ने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि बीते कई सालो से उनकी दुकान पर बिहार का रहने वाला दीपक यादव नाम का कर्मचारी काम कर कर रहा था। ओर वो उसपर पूरा भरोसा करते थे। कारोबारी ने बीते दिन दीपक को चांदबड़ में रहने वाले दुकान के मुनीम दिनेश के घर से सवा पांच लाख रुपए से भरा बैग और 70 हजार रुपए का एक चेक लेकर आने को कहा था। सुबह वो दुकान पहुचे थोडी देर बाद दीपक बैग लेकर आ गया ओर उसने पैसों से भरा बैग काउंटर पर रख दिया। कारोबारी अन्य काम मे व्यस्त हो गये। इसी बीच नौकर ने बैग उठाकर चंपत हो गया। काफी देर बाद जब उन्हे बैग का ध्यान आया ओर दीपम भी नही दिखा तो उन्होने उसे फोन लगाया, लेकिर दीपक ने फोन नही उठाया। इसके बाद वो पुलिस के पास जा पहुचें। थाना पुलिस ने शुरुआती जॉच के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### श्रीलंकाई लोगों की जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए श्रीलंका की मदद करेगा चीन : राजपक्षे

**कोलंबो।** आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अपने चीनी समकक्ष ली केकियांग के साथ 'बहुत ही उत्पादक' बातचीत की और द्वीपीय देश के सबसे बुरे आर्थिक संकट के दौरान लोगों की आजीविका व कल्याण को प्रभावित करने वाली अहम जरूरतों को पूरा करने में उनकी सरकार को सहयोग का आश्वासन देने के लिए उनका आभार जताया। राजपक्षे और केकियांग के बीच यह टेलीफोन संवाद ऐसे समय में हुआ है, जब श्रीलंका 1948 में ब्रिटिश हुकूमत से अपनी आजादी के बाद सबसे बुरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है। श्रीलंका में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं, क्योंकि सरकार के पास महत्वपूर्ण वस्तुओं के आयात के लिए धन नहीं है, जिससे आवश्यक चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं और ईंधन, दवाओं व बिजली की भारी किल्लत हो गई है। राजपक्षे ने ट्वीट किया, %चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग के साथ बहुत ही उत्पादक बातचीत हुई। मैंने लंबे समय से चली आ रही दोस्ती और इस कठिन समय में लोगों की आजीविका व कल्याण को प्रभावित करने वाली कुछ महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने में सहयोग का आश्वासन देने के लिए चीन के प्रति श्रीलंका का आभार जताया।

### आर्थिक बेहाली से निपटने के लिए श्रीलंका को विश्व बैंक देगा 60 करोड़ डॉलर की मदद

**कोलंबो।** आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में आवश्यक चीजों के लिए भी लोग परेशान है उसकी मदद के लिए विश्व बैंक ने हाथ बढ़ाया है। अगले चार महीनों में दवा और दूसरी जरूरी वस्तुओं की खरीद के लिए विश्व बैंक से 30 करोड़ डॉलर से 60 करोड़ डॉलर तक मदद मिलेगी।भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के वित्त मंत्री अली साबरी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। साबरी इस समय अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ राहत पैकेज पर बातचीत करने के लिए वॉशिंगटन में हैं। उन्होंने एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा कि आईएमएफ के साथ बातचीत में कुछ समय लग सकता है, और इस बीच विश्व बैंक मदद देने को तैयार हो गया है। साबरी ने कहा कि पड़ोसी भारत भी ईंधन खरीदने के लिए 50 करोड़ डॉलर देने पर सहमत हो गया है, और नई दिल्ली से अतिरिक्त एक अरब डॉलर की सहायता हासिल करने पर बातचीत चल रही है। भारत ने श्रीलंका को पहले ही एक अरब डॉलर की

# औने-पौने दाम में बेचना पड़ रहे मकान

- खरगोन उपद्रव के 12 दिन बाद भी शहर में डर का माहौल
- पीड़ित बोले- इस बार तो जान बच गई, अगली बार हमें कौन बचाएगा?

**भोपाल।** खरगोन में उपद्रव हुए 12 दिन बीत चुके हैं। इन 12 दिनों में शहर ने बहुत कुछ देखा। सबसे बुरी तस्वीर ये सामने आई कि दंगा प्रभावित इलाकों से लोग अपना घर बेचकर जाने को मजबूर हो रहे हैं। वे भयभीत हैं दंगों को नजदीक से देखकर। किसी का घर-दुकान जला तो किसी के यहां लूटपाट हुई। किसी के घर आए दिन पत्थर फेंके जाते हैं तो कई ऐसे मौकों पर इन घरों को निशाना बनाया जाता है। खरगोन ने चार दशकों में चार दंगे झेले हैं। एक दशक में दो बार यहां हालात बिगड़े। इस दौरान पथराव, पेट्रोल बम का सामना करने वाले 30 से ज्यादा परिवारों की हिम्मत जवाब दे गई और करीब 30 से ज्यादा मकान बिक गए। इनमें हिन्दू परिवारों के मकान ज्यादा हैं। इस बार रामनवमी पर हुए दंगे के बाद भी दंगा प्रभावित इलाकों के 20 से ज्यादा मकानों के बाहर %मकान बेचना है' लिखा देखा गया। उन परिवारों से विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल जैसे संगठनों के कार्यकर्ता संपर्क कर फैसला बदलने की कवायद कर रहे हैं, लेकिन दंगों के दौरान मौत को करीब से गुजरते देख लोग उनसे यह सवाल पूछते हैं कि इस बार तो हमारी जान बच गई? अगली बार दंगे हुए तो फिर कौन हमें बचाने आएगा?




### हर बार दंगाइयों के निशाने पर मकान

रामनवमी पर खरगोन में हुए उपद्रव में तीन इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हुए थे। संजय नगर, त्रिवेणी चौक और आनंदनगर में पुलिस ने अस्थायी चौकियां स्थापित की हैं। संजय नगर में सबसे ज्यादा मकानों पर बेचना है लिखा गया है। यहां पिछले साल भी दो पक्षों में विवाद के बाद पथराव हुआ था, हालांकि तब कर्फ्यू नहीं लगा, लेकिन 7 मकान बस्ती में बिक गए थे और ज्यादातर मकान मुस्लिम परिवारों ने ही खरीदे, क्योंकि दूसरे खरीदार नहीं मिले। 2015 में भी यहां हालात बिगड़े थे। काजीपुरा के एक शख्स ने नाम न छापने के अनुरोध पर बताया कि चाहें 1992 का दंगा हो या 2015 का। हर बार दंगाइयों ने मकानों को नुकसान पहुंचाया। बस्ती के ही कुछ लोग चाहते हैं कि वे मकान औने-पौने दामों पर बेच कर चले जाएं, लेकिन हम ऐसा नहीं करना चाहते तो हमें दंगों के समय नुकसान उठाना पड़ता है। इस बार तो दंगाइयों ने हद ही कर दी। हमारे मकान को आग के हवाले कर दिया। काजीपुरा के माली परिवार ने इस दंगे के पहले मकान बेच दिया। बस्तीवालों ने बताया कि आए दिन घर पर पत्थर फेंके जाते थे। कई बार उसकी शिकायत भी की, लेकिन हल नहीं निकला। उन्होंने बहुत सस्ती कीमत में मकान बेच दिया। इसी मोहल्ले में चार मकानों को पूरी तरह जला दिया गया। वे परिवार भी घर छोड़कर जा चुके हैं।

### मंत्री ने पीड़ितों को किया आश्वस्त

खरगोन के प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने मामले में कहा कि दंगे से लोग प्रभावित हुए हैं। मैंने जब दौरा किया तो पीड़ितों से चर्चा भी की। हमने उन्हें आश्वस्त किया है कि वे सरकार पर भरोसा रखें। इस बार दंगाइयों पर हम ऐसी कार्रवाई कर रहे हैं ताकि अब वो ऐसी हरकत फिर न कर सकें। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर कार्यवाह गोविंद खोड़े का कहना है कि दंगे के बाद प्रभावित क्षेत्रों में हिन्दू परिवारों के मकानों के सौदे की जानकारी अक्सर सामने आती है। दो दंगों में ही 30 मकानों के सौदों हुए हैं। हमारे अनुशांगिक संगठनों के कार्यकर्ता परिवारों से मिलकर मकान न बेचने का आग्रह कर रहे हैं।

# कागारोल विद्युत सब स्टेशन पर लगे ट्रांसफार्मर से 1250 लीटर तेल चोरी

**संजय सिंह तोमर पुष्पांजली टुडे**

**खेरागढ़-** थाना कागरोल क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि चोर चोरी की वारदातों को आसानी से अंजाम देकर भाग जाते हैं। ताज नगरी की खेरागढ़ तहसील के थाना कागारोल क्षेत्र में विद्युत सब स्टेशन से पर चलती बिजली के दौरान लगे ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर तेल चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी पर एक्सईएन खेरागढ़ पहुंच गए और घटना की जानकारी लेकर थाना पुलिस को सूचना दी।

घटना थाना कागारोल के खेरागढ़ कागारोल मार्ग स्थित विद्युत सब स्टेशन की हैं। बीती मध्य रात्रि में बिजली की लाइन चालू थी और अज्ञात चोर बिजली घर पर लगे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर की टंकी को खोल कर उसमें से 1250 लीटर तेल चोरी कर ले गए। घटना की सुबह जानकारी होने पर विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया। चलती बिजली लाइन से ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की घटना पर एक्सईएन खेरागढ़ आलोक कुमार गुप्ता पहुंच गए और विद्युत कर्मचारियों से घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। एक्सईएन खेरागढ़ आलोक कुमार गुप्ता ने बताया हैं कि चलती लाइन से तेल चोरी की घटना को कोई विधुत लाइन के बारे जानकर ही कर सकता हैं। बीते करीब एक साल में कई संविदाकर्मी हटाए गए हैं, हो सकता हैं उनमें से किसी का हाथ हो। फिलहाल चोरी की तहरीर कागारोल पुलिस को दे दी गई हैं, जांच पड़ताल कर रहे हैं।



- आज रात्री में कागारौल बिजली घर ट्रांसफार्मर में से 1250 लीटर तेल हुआ चोरी
- बिजली घर पर 24 घंटे रहता है चौकीदार
- कागारौल फीडर की पहले की घटना की भी हुई वीडियो वायरल
- देखते तेल चोरी में किसका निकलता है हाथ
- तेल की सूचना पर मौके पर पहुचे एक्सीयन खैरागढ़ आलोक गुप्ता।

# विद्युत चैकिंग को गई विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने बोला हमला, एक होमगार्ड समेत लाइनमैन गंभीर घायल

**संजय सिंह तोमर पुष्पांजली टुडे**

**खेरागढ़-** ताजनगरी की खेरागढ़ तहसील के थाना जगनेर क्षेत्र में विद्युत चैकिंग और राजस्व वसूली को गई टीम ने हमला बोल दिया। हमले में एक होमगार्ड के जवान समेत लाइन मैन गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी जगनेर भेजा और कारवाई में जुट गई।

मामला शनिवार दोपहर थाना जगनेर के सरेंधी गांव का हैं। एसडीओ जगनेर पीयूष शुक्ला, सरेंधी जेई धर्मेंद्र वर्मा विद्युत विभाग की टीम और सुरक्षा गार्डों के साथ सरेंधी में राजस्व वसूली को लेकर कनेक्शन काटने का अभियान चला रहे थे। इस दौरान कनेक्शन काटने को लेकर विद्युत विभाग की टीम के साथ ग्रामीणों की नोकझोक और बहस होने लगी। मामला धीरे धीरे बढ़ता गया जिसमें ग्रामीणों ने टीम पर हमला बोल दिया। हमले में विद्युत विभाग के लाइन मैन मानगिरि निवासी सिंगाइच और पीआरडी होमगार्ड के जवान गुलाब सिंह निवासी कासिमपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। विद्युत विभाग की टीम पर हुए हमले की सूचना पर थाना प्रभारी योगेंद्र पाल सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए और घायलों को उपचार के लिए जगनेर सीएचसी भिजवाया। थाना प्रभारी योगेंद्र पाल सिंह ने बताया हैं कि घायलों को उपचार के लिए भेज दिया गया हैं अभी विद्युत विभाग की टीम से तहरीर नहीं मिली हैं। तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




## 25 अप्रैल को मास्को जाएंगे संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस, 28 को करेंगे यूक्रेन का दौरा

**जेनेवा।** यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान मध्यस्थता को लेकर भी बात की जाएगी। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन मास्को में और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की कीव में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख का स्वागत करेंगे। इसके बाद विदेश मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। गुटेरेस पहले 25 अप्रैल को मास्को और फिर 28 अप्रैल को यूक्रेन जाएंगे। लेकिन अभी तक जेलेंस्की और विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के साथ बैठक की घोषणा में यह नहीं बताया गया कि यह बैठकें कहां होंगी। सुरक्षा परिषद में मास्को की वीटो शक्तियों के कारण यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए संयुक्त राष्ट्र अपने सबसे गंभीर संकटों में से एक का सामना कर रहा है। ऋवार की सुबह मास्को दौरे की घोषणा के बाद, गुटेरेस के सहयोगी प्रवक्ता एरी कानेको ने मीडिया से कहा वह नेतृत्व के साथ चर्चा करना चाहते हैं कि लोगों की मदद करने के लिए और बंदूकों को चुप कराने के लिए क्या कदम उठाए जाएं। जो लोग बाहर निकलना चाहते है, उन्हें बाहर निकलने दें और सुरक्षित रास्ता निकालें। गुटेरेस ने रूस और यूक्रेन दोनों को पत्र लिखकर युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों के क्रम में दोनों देशों का दौरा करने के लिए कहा था, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय नेताओं द्वारा कई राजनयिक पहलें असफल साबित हुई हैं। गुटेरेस ने रूस और यूक्रेन की यात्रा के लिए अगले हफ्ते नाइजीरिया का दौरा रद्द कर दिया। गुटेरेस का यह दौरा ऐसे समय पर होगा जब रूस ने यूक्रेन पर हमला तेज कर दिया है।



# जो बाइडेन बोले- शी जिनपिंग ने मुझसे कहा था कि चीन के खिलाफ है क्वाड

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच संबंधों में खटास से सभी परिचित है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का ताजा बयान आ रहा है जिसमें उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एक बार उनसे कहा था कि वह चीन के खिलाफ क्वाड को मजबूत कर रहे हैं। बाइडन ने सिएटल स्थित एक निजी आवास पर पार्टी के लिए पैसे जमा करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि मैंने शी जिनपिंग को संकेत दिया था कि मैं क्वाड (ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका) के बीच सहयोग को बढ़ा रहा हूं। इस पर उन्होंने कहा कि आप हमें प्रभावित करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। लेकिन मैंने कहा, ऐसा नहीं है।



बाइडेन ने कहा कि उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि क्वाड इसलिए है, क्योंकि हम उन लोगों को एकसाथ रखने की कोशिश कर रहे हैं जिनके पास हिंद-प्रशांत में एकसाथ काम करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि भारत समेत अन्य देशों की अपनी-अपनी समस्याएं हैं, लेकिन तानाशाह जिस बात से सबसे ज्यादा डरते हैं, वह यह धारणा है कि हम एकसाथ मिलकर काम कर सकते हैं और उनके विपरीत काम कर सकते हैं जो वास्तव में निरंकुश हैं। उन्होंने कहा कि केवल चीन और रूस की बात नहीं हो रही, बाइडेन की नजर में कई देश निरंकुश बन गए हैं। बाइडेन ने कहा कि जब वह निर्वाचित हुए तो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोचा कि वह आसानी से नाटो को तोड़ने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि यह शुरुआत से ही उनके उद्देश्य का एक हिस्सा था, मैं यह आठ साल से कह रहा हूं। बाइडेन ने कहा है कि हालांकि विडंबना है कि... उन्हें वही मिला जो वह नहीं चाहते थे। वह यूरोप पर प्रभाव जमाना चाहते थे। इसके बजाय, फिनलैंड के राष्ट्रपति ने मुझसे कहा कि वह मुझसे मिलना चाहते हैं और नाटो में शामिल होना चाहते थे, और स्वीडन भी नाटो में शामिल होना चाहता है। उनके कदम से उसके विपरीत परिणाम सामने आ रहे हैं जो वह चाहते थे। बाइडेन ने आगे कहा कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि इससे सब कुछ आसान हो जाता है। लेकिन मुद्दा यह है कि हमारे पास एक ऐसी परिस्थिति है जिसमें यूक्रेनी लोग अविश्वसनीय रूप से बहादुर हैं।

# रूस ने सीरिया व लीबिया के 100,000 से अधिक भाड़े के सैनिकों को यूक्रेन से युद्ध में उतारा

### रूस ने स्वीकार किया युद्धपोत मोस्कवा में आग लगने के बाद एक सैनिक मारा गया, जबकि 27 लापता

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्धग्रस्त देश के औद्योगिक गढ़ पर नियंत्रण को लेकर संघर्ष शुरू हो सकता है क्योंकि यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि रूस ने अपनी सैन्य इकाइयों को मारियुपोल बंदरगाह से पूर्वी यूक्रेन भेजना शुरू कर दिया है। इस बीच, रूस ने शुक्रवार को बताया कि युद्धपोत मोस्कवा में आग लगने के बाद एक सैनिक की मौत हो गई और 27 अन्य लापता हो गए। यह पोत एक सप्ताह पहले यूक्रेन के मिसाइल हमले के बाद डूब गया था। रूसी सेना ने पहले बताया था कि उसमें सवार सभी लोगों को बचा लिया गया है। साथ ही शुक्रवार को उपग्रह से ली गई तस्वीरों में मारियुपोल के पास स्थित एक शहर में एक दूसरा संभावित सामूहिक कब्रिस्तान दिखा जहां यूक्रेनियों को एक इस्पात संयंत्र में छुपाया गया है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने युद्धपोत पर हमले को स्वीकार नहीं किया। उसका कहना है कि गोला बारूद के विस्फोट के बाद उसमें आग लग गई। उसने हालांकि यह नहीं बताया कि यह यह कैसे हुआ। निर्देशित मिसाइल क्रूजर का नुकसान मास्को के लिए एक अपमानजनक झटका था। यह पोत रूस के काला सागर बेड़े का मुख्य पोत था। मारियुपोल कई सप्ताह की बमबारी के बाद काफी हद तक मलबे में तब्दील हो गया है। रूसी सरकारी टीवी ने मॉस्को समर्थक डोनेट्स्क अलगाववादियों का झंडा दिखाया, जो शहर के सबसे ऊंचे बिंदु यानी टीवी टॉवर पर लगा है। इसने शहर के अज़ोवस्टल स्टील प्लांट की मुख्य इमारत को आग की लपटों में घिरा भी दिखाया। यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव ओलेक्सी डैनिलोव ने कहा कि क्रेमलिन ने यूक्रेन में लड़ाई में सीरिया और लीबिया से 100,000 से अधिक सैनिकों और भाड़े के सैनिकों को उतारा है और देश में हर दिन अधिक सेना तैनात कर रहा है। उन्होंने कहा हमारे समक्ष मुश्किल स्थिति है, लेकिन हमारी सेना देश की रक्षा कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि डोनबास के कई शहर और गांव और साथ ही खारकीव क्षेत्र बमबारी की चपेट में आए। यह यूक्रेन के पूर्वी इलाके में एक औद्योगिक क्षेत्र है जिसे क्रेमलिन ने युद्ध का नया केंद्र घोषित किया है।



महापौर कार्यालय ने बताया कि रूसी सेना ने यूक्रेन के उन 2,000 लड़ाकों को निशाना बनाया है जो अभी भी विशाल अज़ोवस्टल संयंत्र के अंदर छुपे हुए हैं। मारियुपोल के मेयर के सलाहकार पेट्रो एंड्रीशचेंको ने कहा हर दिन वे अज़ोवस्टल पर कई बम गिराते हैं। गोलाबारी, बमबारी बंद नहीं हो रही। अन्य घटनाक्रमों में, एक वरिष्ठ रूसी सैन्य अधिकारी ने सार्वजनिक रूप से रूसी युद्ध के उद्देश्य को रेखांकित किया जो क्रेमलिन ने हाल के हफ्तों में जो कहा है, उससे कहीं अधिक व्यापक प्रतीत होता है। रुस्तम मिनेकेयेव ने कहा कि रूस की सेना का लक्ष्य पूर्वी यूक्रेन के अलावा दक्षिणी यूक्रेन पर पूर्ण नियंत्रण कायम करना है और ऐसा करने से मोल्दोवा देश के लिए रास्ता खुल जाएगा, जहां रूस ट्रांसनिस्ट्रिया के क्षेत्र का समर्थन करता है। दक्षिणी यूक्रेन से मोल्दोवा के लिए मार्ग खोलने को लेकर रूसी सेना के बारे में मिनेकेयेव की घोषणा के जवाब में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने चेतावनी दी- यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को केवल शुरुआत माना गया था, इसके अलावा वे दूसरे देशों को

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टीनेंट जनरल श्री गुरमीत सिंह दो दिवसीय प्रवास पर पधारे





ग्वालियर। उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टीनेंट जनरल श्री गुरमीत सिंह दो दिवसीय प्रवास पर 23 अप्रैल को ग्वालियर पधारे। ग्वालियर पधारने पर व्हीआईपी सर्किट हाउस में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने राज्यपाल से भेंट की और पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टीनेंट जनरल श्री गुनमीत सिंह से मिलने प्रदेश की पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह भी पहुँचीं और उन्होंने पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

### खुशखबरीः ग्वालियर शहर में उच्च मानक स्तर की मूलभूत सुविधाओं के लिए साढ़े 58 करोड़ की अनुदान राशि मंजूर

**राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**

ग्वालियर। ग्वालियर शहर के लिए एक और खुशखबरी है। शहर में उच्च गुणवत्ता व मानक स्तर की मूलभूत सुविधाओं मसलन पेयजल, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता एवं वायु प्रदूषण पर अंकुश (एयर क्वालिटी कंट्रोल) के लिए भारत सरकार ने लगभग सा? 58 करो? की अनुदान राशि मंजूर की है। राशि मंजूर होने पर उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति शहरवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने ग्वालियर शहर के नए वार्डों (वार्ड 61-66) में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान से धनराशि मुहैया कराने का आग्रह किया था। इसी के फलस्वरूप शहर को यह अनुदान राशि मिलने जा रही है। इस धन राशि से नए वार्डों के साथ-साथ सम्पूर्ण ग्वालियर शहर में उच्च मानक स्तर की मूलभूत सुविधाएँ विकसित होंगी। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने ग्वालियर शहर के लिए राशि मंजूर होने की सूचना राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह को पत्र लिखकर दी है। श्री कुशवाह ने नगरीय विकास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह के प्रति भी आभार जताया है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा शहर के लिए मंजूर की गई कुल साढ़े 58 करोड़ की अनुदान राशि में से 52 करोड़ रुपए की राशि पेयजल, स्वच्छता व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर तथा साढ़े 6 करोड़ की राशि एयर क्वालिटी इम्प्रूवमेंट पर खर्च होगी।

### प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट आज ग्वालियर आयेंगे

ग्वालियर। प्रदेश के जल संसाधन एवं मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट 24 अप्रैल को एक दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर आयेंगे। ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात दोपहर 3.55 बजे विमान द्वारा ग्वालियर से इंदौर जायेंगे। जिले के प्रभारी मंत्री श्री सिलावट 24 अप्रैल को प्रातः 7.30 बजे रेल मार्ग द्वारा ग्वालियर आयेंगे। ग्वालियर में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके साथ ही विकास कार्यों का अवलोकन भी करेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 3.55 बजे ग्वालियर से इंदौर के लिये रवाना होंगे।

### लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी आज ग्वालियर आयेंगे

ग्वालियर। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी एक दिवसीय प्रवास पर 24 अप्रैल को ग्वालियर पधारेंगे। ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात रात्रि में भोपाल एक्सप्रेस द्वारा ग्वालियर से भोपाल के लिए रवाना होंगे। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे ग्वालियर में आयोजित अनुसूचित जाति मोर्चे की बैठक में शामिल होंगे। इसके साथ ही स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात भोपाल प्रस्थान करेंगे।

### अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक आज

**केन्द्रीय मंत्री, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता करेंगे मार्गदर्शन**

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक 24 अप्रैल को सुबह 9 बजे से प्रगति विद्यापीठ, सी.पी. कॉलोनी मुरार ग्वालियर में प्रारंभ होगी। केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्रसिंह तोमर, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालसिंह आर्य एवं पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी सहित वरिष्ठ नेता बैठक का मार्गदर्शन करेंगे। अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने बताया कि 24 अप्रैल को ग्वालियर में मोर्चा की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक आहूत की गयी है, जिसमें मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों एवं पार्टी द्वारा चल रहे विभिन्न अभियानों में मोर्चा की भूमिका पर विस्तृत चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री नारायण सिंह केसरी, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालसिंह आर्य, राष्ट्रीय महामंत्री श्री भोला सिंह, पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मोर्चा के प्रदेश प्रभारी श्री पंकज जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री चिंतामणि मालवीय बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, स्थाई आमंत्रित सदस्य व विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे।

### वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. राजकुमार बंसल की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज

ग्वालियर। भाजपा ग्वालियर महानगर द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता और कर्मठ समाजसेवी, जनसेवक स्व. राजकुमार बंसल जी की प्रथम पुण्यतिथि कल 24 अपैल को शाम 6 बजे एक श्रद्धांजलि सभा भाजपा जिला कार्यालय मुखर्जी भवन पर आयोजित होगी। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने दी। श्री माखीजानी ने सभी भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रहने की अपील की है।

### भाजपा मंडल प्रशिक्षकों की जिला कार्यशाला 25 को

ग्वालियर 23 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के मंडल प्रशिक्षकों की जिला कार्यशाला का आयोजन 25 अप्रैल को सुबह 11बजे नंदगिरी गेस्ट हाउस, गांधीनगर में किया जाएगा। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर संभाग के प्रभारी श्री जीतू जिराती जी, जिला प्रभारी मधु वर्मा जी, सह प्रभारी अरुण चतुर्वेदी जी, जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी जी, बूथ विस्तारक योजना के जिला प्रभारी एवं जिला महामंत्री श्री विनोद शर्मा जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शिंदे की छावनी एवं लक्ष्मीगंज के विद्युत उपभोगताओं के विद्युत बिल माफी के किये प्रमाण पत्र वितरित






ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को विद्युत बिल माफी के प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि जरूरत मंद की सेवा करना ही मेरा उद्धेश्य रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब आमजन के काम धंधे बंद हो गए थे वह काफी परेशान थे। उनकी इस परेशानी को समझा तथा उनके कोरोना काल के बिल मेरे आग्रह पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने माफ किये। मैं आपका सेवक कल था, आज भी सेवक हूँ एवं कल भी आपका सेवका रहूँगा। आपकी सेवा इसी प्रकार करता रहूंगा।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पीजीपी कॉलेज गेंडे वाली सडक वार्ड क्रमांक 36 में शिंदे की छावनी के 3143 उपभोक्ताओं के 2 करो? 39 लाख रूपये एवं लक्ष्मीगंज जोन 2101 उपभोक्ताओं के 1 करोड 69 लाख रूपये के विद्युत बिल माफी के प्रमाण पत्र दिये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विद्युत बिलों में राहत योजना-2022 के तहत विद्युत उपभोक्ताओं के 31 अगस्त 2020 तक के एक किलोवाट के विद्युत बिल माफ किये गए हैं। इसके साथ ही कहा कि लक्ष्मण तलैया से निकली हाइटेंशन लाइन को हटाने का कार्य चालू हो रहा है। साथ ही सत्यनाराण की टेकरी पर विद्युत व्यवस्था को सुदृण करने व विद्युत पॉल लगाये जाने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि उपस्वास्थ्य केन्द्र का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है जिससे आपको प्राथमिक इलाज के लिये कई दूर नहीं जाना पडेगा। इसके साथ ही गेंडे वाली सडक को 4 करोड की लागत से स्मार्ट सडक बनाया जाएगा। आपकी पेजयल समस्या से निदान मिला है। फिर भी कोई समस्या रह गई है तो उसका भी निराकरण शीघ्र किया जाएगा। इसके साथ ही कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को सम्मान के साथ राशन की पात्रता पर्ची दी जा रही हैं एवं पात्र हितग्राहियों को निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री प्रयाग तोमर, श्री जगत सिंह कौरव, श्री चंदू सेन, गुड्डू वारसी, श्री खेमचंद गुरमानी, श्री राजकुमार परमार, श्री गुरूमुख करोसिया, पीजीपी कॉलेज के प्रचार्य डॉ. व्ही के गुपता, महाप्रबंधक श्री नितिन मांगलिक, उपमहाप्रबंधक श्री राजकुमार मालवीय सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# थाना मुरार पुलिस ने एक नाबालिक बालक तथा बालिका को किया दस्तयाब

### बालिका को बहला फुसलाकर हैदराबाद बुलाने वाले तीन लोंगो को बनाया आरोपी



ग्वालियर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा गुम बालक-बालिकाओं की दस्तायाबी के लिये प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही के दौरान *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध श्री राजेश डण्डौतिया* द्वारा अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र से गुम हुए बालक-बालिकाओं की दस्तायाबी के लिये मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के परिपालन व *नगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री रत्नेश सिंह तोमर* के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना प्रभारी मुरार द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। दिनांक 20.04.2022 को थाना प्रभारी मुरार निरी0 शैलेन्द्र भार्गव को दौराने विवेचना तकनीकि सहायता से ज्ञात हुआ कि दिनांक 16.04.2022 को थाना मुरार क्षेत्रांर्तगत परसादीपुरा निवासी फरियादी के 11 वर्षीय पुत्र को ग्वालियर रेल्वे स्टेशन पर देखा गया है। उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी मय पुलिस बल के मौके पर पहुंच कर वहां लगे सीसीटीव्ही कैमरों की छानबीन की तो उक्त बालक स्टेशन से मुरार की ओर जाता दिखा। बालक की दस्तयाबी हेतु सक्रिय किये गये मुखबिरों से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त ल?का ग्राम खुरैरी मे मौजूद है उक्त सूचना पर से थाना मुरार पुलिस द्वारा उक्त बालक को मुखबिर के बताये स्थान से दस्तायाब कर उसके माता पिता के सुपूर्द किया।

एक अन्य घटनाक्रम में दिनांक 20.04.2022 को फरियादिया रीना भदौरिया पत्नि देवेन्द्र भदौरिया द्वारा थाना मुरार मे रिपोर्ट की थी कि किसी अज्ञात बदमाश द्वारा उनकी नाबालिक ल?की को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना मुरार पुलिस द्वारा अज्ञात बदमाश के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर मुखबिर मामूर करते हुए तकनीकि सहायता से ल?की की तलाश की जा रही थी। दिनांक 21.04.2022 को थाना प्रभारी मुरार को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुरार क्षेत्रांर्तगत सिंहपुर रो? निवासी 17 वर्षीय बालिका को ठाटीपुर स्थित राधिका गर्ल्स होस्टल के पास देखा गया है। उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी द्वारा मय थाना बल के मुखबिर के बताया स्थान से उक्त नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर लिया गया। उक्त नाबालिक ल?की से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर उसने बताया कि हैदराबाद निवासी एक ल?के द्वारा अपने पिता व मामा के साथ मिलकर उसे डरा धमका कर हैदराबाद बुलाया जा रहा था। इसी वजय से वह घर से भाग कर हैदराबाद जा रही थी। ल?के द्वारा ही मुझे अपने एक साथी के मदद से ठाटीपुर थाना क्षेत्र स्थित राधिका गर्ल्स होस्टल में रूकवाया गया था। थाना मुरार पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण में ल?के, ल?के के पिता व मामा को आरोपी बनाया जाकर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

**सराहनीय भूमिकाः** उक्त दस्तयाबी में थाना प्रभारी मुरार निरी0 शैलेन्द्र भार्गव, उनि अतर सिंह, प्रआर0 राजवीर, आर0 राजू तथा दिलीप की सराहनीय भूमिका रही।



### मुनिश्री से आशीर्वाद लेने अध्यक्ष खादी ग्राम मध्यप्रदेश, पुस्तक निगम अध्यक्ष ने पहुँचकर लिया

**मुनिश्री ने शाम को थाटीपुर से सीपी कॉलोनी के लिए गाजेबाजे के साथ मंगल विहार किया।**

ग्वालियर। मध्यप्रदेश शासन राजकीय अतिथि मेडिटेशन गुरु मुनिश्री विहसंत सागर महाराज व मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज के दर्शनों के लिए कैबिनेट मंत्री दर्ज पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेन्द्र बरुआ एवं जितेन्द्र लिटोरिया अध्यक्ष खादी ग्राम मध्यप्रदेश केबिनेट मंत्री दर्जा, सुशील बरुआ संभागीयय जन अभियान परिषद ग्वालियर, राजीव पराशर, डॉ कुलदीप चतुर्वेदी, आदि ने आज शनिवार को थाटीपुर स्थित झबर स्टेट में पहुचे। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि कैबिनेट मंत्री दर्ज पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेन्द्र बरुआ एवं जितेन्द्र लिटोरिया जी अध्यक्ष खादी ग्राम मध्यप्रदेश केबिनेट मंत्री दर्जा ने मुनिराजों के चरणों माथा टेकर श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद लिया। मुनिश्री विहसंत सागर महाराज ने आतिथियो को अपने गुरु गणाचार्य श्री विराग सागर महाराज की जन्मस्थली दमोह के पास स्थित पथरिया में होने वाले दिगंबर जैन विरागोदय तीर्थ महामहोत्सव जैन महाकुंभ 2023 के कार्यक्रम की पत्रिका देकर आमंत्रित किया। पुस्तक निगम अध्यक्ष शेलेन्द्र बरुआ ने कहा कि संतो के मंगल आशीर्वाद से मन के मस्तक में ऊर्जा भर जाती है। जैन संत ही सत्य व अहिंसा का रास्त समझते है। वही आतिथियो का सम्मान भाजपा के वरिष्ठ नेता पारस जैन, दिनेश जैन, राजेश जैन, मंदिर समिति के अध्यक्ष रवींद्र जैन महामंत्री नरेंद्र जैन, रविन्द्र सिंघई, सुनील जैन, प्रवक्ता सचिन जैन आदि ने मालाओ दुपट्टा उड़कर व साफा पहनकर सम्मानित किया।

**भगवान के प्रति आस्था व श्रद्धा से मन को मिलती है शांतिः मुनि**

मुनिश्री विहसंत सागर महाराज ने थाटीपुर जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिनेंद्र भगवान के वचन औषधि के रूप में काम करते हैं। इसके माध्यम से तन व मन दोनों स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा, तन के डॉक्टर पैसे खर्च करने पर मिल जाते हैं पर मन के डॉक्टर पैसे से नहीं मिलते बल्कि भगवान के प्रति आस्था व श्रद्धा के माध्यम से मन को शांत किया जा सकता है।

# बल्क वेस्ट जनरेटर करें खाद् बनाने की स्वयं व्यवस्था, अन्यथा की जाएगी जुर्माने की कार्यवाहीः निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर- शहर के सभी बडे कचरा उत्पादक अपने यहां के कचरे के निष्पादन के लिये संसाधनों की व्यवस्था स्वयं करें तथा गीले कचरे से जैविक खाद इत्यादि बनाने की व्यवस्था अगले तीन दिवस में पूर्ण करें अन्यथा उनके खिलाफ जुर्माने की कडी कार्यवाही की जाएगी। कई बडे कचरा उत्पादकों द्वारा अपने यहां व्यवस्था नहीं की जा रही तथा कचरा सडक पर या खाली जगह पर फैंका जा रहा हैं जो कि बर्दाष्त नहीं होगा। उक्ताशय के निर्देश निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने बडे कचरा उत्पदकों के साथ बैठक में दिये।

बाल भवन के सभागार में अयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री कन्याल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर में गंदगी करने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही जाए। इसके साथ ही 108 बल्क वेस्ट जनरेटर उत्पादकों को जगह पर ही कचरा बनाने के लिये निर्देशित करें तथा अगर वह कचरे से खाद नहीं बनाता है तो उसके खिलाफ जुमाने की कार्यवाही की जाए।



इसके साथ ही आइईसी की बैठक लेते हुए कहा कि आइईसी के सभी सदस्य रूट के हिसाब से 210 कचरा वाहन के साथ प्रत्येक घर पर जायें तथा उनकों चारों प्रकार के कचरे के बारें में बतायें एवं उनका पूरा पता, मोबाइल नम्बर भी लें। सभी आइईसी के सदस्य डब्ल्यूएचओं एवं कचरा वाहन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। इसके साथ ही ज्यादा कचरा उत्पादन होता हैं उन्हें घर पर ही खाद बनाने के बारे में जानकारी दें।

ड्रायवर एवं हेल्पर की बैठक लेते हुए निर्देशित किया कि सर्वे का दूसरा चरण शुरू होने वाला है इसलिये सभी घरों से सूखा व गीला कचरा अलग अलग लें एवं कचरा वाहन का हमेशा ढक्कन लगाकर चलें। कचरा वाहन का अगर ढक्कन खुला पाया जाता है तो उसके खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478